# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025







### बिना वैध परमिट चल रही बसों की सूची जारी

# परमिट खत्म, लेकिन छग में दौड़ रहीं हजारों बसें, 1143 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ की सड़कों पर इस समय हजारों ऐसी यात्री बसें दौड़ रही हैं, जिनका परमिट साल-दो साल या बरसों पहले खत्म हो गया है। परिवहन विभाग ने इस तरह बिना वैध परमिट चल रही 1 हजार 114 बसों के संचालकों, मालिकों को नोटिस जारी किया है। इन गाड़ी वालों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। या तो इन्हें नवीनीकरण कराना होगा या परमिट रद्द किया जाएगा। इस पूरे मामले को लेकर ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ये है मामला

इस संबंध में परिवहन विभाग ने संबंधित बस संचालकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल इन वाहनों के मालिकों को नियमानुसार मोटरयान अधिनियम 1988 1 धारा 81 में विहित प्रावधानों के तहत परमिट का नवीनीकरण कराना था। लेकिन इस एक्ट का ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सात दिनों में देना होगा जवाब

बताया गया है कि जिन बस संचालकों को नोटिस जारी किया गया है, उन्हे जवाब देने के लिए सात दिन की मोहलत दी गई है।जिन्हें नोटिस जारी हुए है उन्हें अनुज्ञापत्रों (परमिट) के नवीनीकरण हेतु विलंब के कारण सहित आवेदन 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना होगा। अगर संबंधितों ने अपने परमिट का नवीनीकरण करा लिया है या परमिट समर्पण ऑफलाईन माध्यम से जमा करा लिया गया है, से सुसंगत दस्तावेज के साथ जवाब परिवहन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर वाहन 4.0 में अद्यतन (अपडेट) कराना होगा। परिवहन विभाग ने साफ किया है कि परमिट का नवीनीकरण नहीं कराये जाने हेतु संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में नियम का उल्लंघन मानते हुए परमिट को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवहन नाके और उड़नदस्ते क्या कर रहे

इस मामले को लेकर ये सवाल सामने है कि राज्य भर के सभी सीमावर्ती इलाकों में परिवहन विभाग के नाके सक्रिय है। इन नाकों से ये बिना परमिट की गाड़ियां रोज गुजर रही हैं, तो नाकों वालों ने जांच क्यों नहीं की। यही नहीं परिवहन विभाग गाड़ियों की धरपकड़ के लिए एक दर्जन से अधिक उड़न दस्ते संचालित कर रहा है। इनकी नजर में ये गाड़ियां क्यों नहीं आईं।

### घाना की संसद में प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक संबोधन

# दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अफ्रीकी देश घाना की संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही पीएम मोदी 3 दशकों में घाना की संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा।*

एजेंसी ▶▶| अक्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा। घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है।

दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से ▶▶|शेष पेज 7 पर





### घाना की विकास यात्रा में भारत सिर्फ साझेदार नहीं बल्कि सह-यात्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और घाना ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक विस्तार दिया है, साथ ही उन्होंने दोहराया कि नयी दिल्ली इस अफ्रीकी राष्ट्र की विकास यात्रा में सह-यात्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के साथ व्यापक वार्ता के बाद बुधवार ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भारत और घाना के बीच चार समझौते

- कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम
- मानक प्राधिकरण
- घाना के ट्रेडिशनल एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन और भारत के आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान
- जॉइंट कमीशन मीटिंग

### पीएम को मिला सर्वोच्च सम्मान, 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना'

पीएम को मिले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या अब 2 दर्जन से अधिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अपने देश के सर्वोच्चे पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की संख्या 2 दर्जन से अधिक हो चुकी है। इस बड़े सम्मान से नवाजे जाने के बाद पीएम मोदी ने घाना का आभार व्यक्त करते हुए इसे देश के सवा सौ करोड़ वासियों को समर्पित किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया- मैं घाना की जनता और सरकार का धन्यवाद करता हूं।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। जैन (60) पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे।

### जैकलीन की प्राथमिकी रद्द करने संबंधी याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धनशोधन से जुड़ा है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने याचिका खारिज कर दी।

**सटोरिये की चकाचौंध करने वाली शादी में भिलाई से गए थे 100 मेहमान**

# कभी किराये का घर था, आज आलीशान मकान, लग्जरी गाड़ियां, अरबों की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**हरिभूमि फॉलोअप**

जयपुर के 5-स्टार होटल में महादेव ऐप से जुड़े जिस सटोरिये सौरभ आहूजा की करोड़ों की शादी हुई है, वो कभी भिलाई में किराये के मकान में रहने आया था। महादेव सट्टा चलाकर उसने इतना पैसा कमाया कि महज दो से तीन साल में उसने वैशाली नगर आलीशान घर के साथ लग्जरी गाड़ी और अरबों की संपत्ति बना ली है।

इतना ही नहीं, उसने जयपुर राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग प्लान किया और दो से ढाई करोड़ रुपए देकर कूकस स्थित 5-स्टार होटल फेयर माउंट को तीन दिन के लिए बुक कर लिया। वहां उसने पूरे होटल को रजवाड़ा स्टाइल में सजवाया। बताया जा रहा है कि केवल सजावट में ही उसने लगभग एक करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे।

**विदाई के समय पहुंची ईडी की टीम:** सौरभ आहूजा की शादी जयपुर के आलीशान होटल में 29, 30 जून और 1 जुलाई को थी। शादी पूरी होने के बाद दूल्हा सौरभ आहूजा दो जुलाई की सुबह ही निकल गया था। बाकी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### अमृतसर की युवती से हुई है शादी

सौरभ की शादी अमृतसर पंजाब की रहने वाली युवती से हुई है। बताया जा रहा है कि यह युवती पहले भिलाई में रही है और वहीं से सौरभ और वो एक दूसरे के करीब आए थे। ईडी ने सौरभ के घरवालों और युवती के घरवालों को पूछताछ के लिए होटल में ही रोक लिया, जिससे उनकी फ्लाइट भी मिस हो गई थी।

### वैशाली नगर में बनाया आलीशान घर

भिलाई के जिस वैशाली नगर में सौरभ आहूजा और उसका बड़ा भाई हिमांशु आहूजा उर्फ हनी किराये के मकान में रहकर गुजार रहे थे, उसी वैशाली नगर में एलआईजी 41 को खरीदकर उसने उसे तोड़ा और फिर आलीशान घर बनवाया। इसके बाद लग्जरी कार थार सीजी 07 सीजी 1819 भी खरीदा।

### भिलाई से शादी में शामिल होने पहुंचे थे 100 लोग

सौरभ आहूजा से की शादी में भिलाई से 100 लोग शामिल होने पहुंचे थे। शादी में गए एक व्यक्ति ने बताया कि शादी में इतनी आलीशान व्यवस्था थी कि तीन दिन ऐसा लग रहा था मानो किसी राजा की शादी में आए हैं। इनमें कई लोग ऐसे भी हैं, जो सौरभ चंद्राकर की शादी में भी शामिल होने दुबई गए थे।

### महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर फिर हिंसा

# मनसे कार्यकर्ताओं ने कारोबारी से पूछा- मराठी आती है, इंकार करने पर कर दी 'थप्पड़ों की बरसात'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में इन दिनों एक खतरनाक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। अगर मराठी नहीं आती, तो पिटाई पक्की है। राज्य के कई हिस्सों से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जहां सिर्फ इसलिए लोगों को मारा-पीटा जा रहा है क्योंकि उन्हें मराठी बोलनी नहीं आती। मनसे के कार्यकर्ताओं ने मीरा रोड भयंदर में एक गुजराती दुकानदार ने उनसे पूछा था कि मराठी बोलना जरूरी क्यों है? इसके जवाब में कार्यकर्ता उससे कहते हैं कि ये महाराष्ट्र है, इसलिए यहां मराठी बोलना ही होगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- इस घटना के विरोध में भयंदर का बाजार बंद रहा



दो घटनाएं वायरल

### पूर्व सांसद के समर्थकों ने भी धुनाई की

इससे पहले ठाणे से मामला सामने आया था। वीडियो में दिखाई देने वाला शख्स कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता और पूर्व सांसद रंजन विचारे हैं। वीडियो में रंजन विचारे और उनके समर्थक दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने इस दुकानदार पर हमला सिर्फ ▶▶ शेष पेज 4 पर




# चित्रकोट जलप्रपात पूरे शबाब पर, 90 फीट ऊंचाई से गिर रहा पानी मन मोह रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

चित्रकोट जल प्रपात पूरे शबाब पर है 90 फीट ऊंचाई से घोड़े की नाल के आकार से नीचे गिरता पानी पर्यटकों का मन मोह रहा है। इसलिए इन दिनों चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटकों की भीड़ जुट रही है। बारिश के दिनों में चित्रकोट जलप्रपात काफी सुन्दर और मनमोहक हो जाता है, जिसे देखने के लिए अन्य राज्यों से भी पर्यटक बस्तर पहुंच रहे है। परिवार के साथ दूर दराज शहरों से आ रहे पर्यटक चित्रकोट वाटरफाल की खूबसूरती को करीब से निहार रहे है। बस्तर की प्राणदायनी इंद्रावती नदी का पानी चित्रकोट जलप्रपात से 90 फीट की ऊंचाई से गिर कर मनमोहक दृश्य के रूप में सामने आता है। बारिश के दिनों में चित्रकोट जलप्रपात अपने रौद्र रूप में पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। चित्रकोट के पहले छोर से लेकर आखिरी छोर तक जो घोड़े की नाल की आकृति का सदृश्य होता है,जल प्रवाह की गर्जना पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाती हैं।

## बारिश में मनमोहक दृश्य देखने पर्यटकों की लगी भीड़



### सेल्फी लेने वालों पर निगरानी

चित्रकोट जलप्रपात स्थल पर सेल्फी लेने को लेकर पर्यटकों को सतर्क किया जा रहा है। ताकि कोई एक गलती किसी पर्यटक की जान पर बन न आये। कलेक्टर हरीश एस ने दूर दराज से आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि पर्यटन स्थलों पर जाए और अपने सेफ्टी का भी ख्याल रखे।

---

**खबर संक्षेप**

## बस और बाइक की हुई टक्कर, एक बच्चे की मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपरा मुंडापारा के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक नाबालिग की मौके पर मौत हो गई। वही एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार हेतु कांकेर रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार कांकेर जिले के ग्राम बासनवाही गड़ियापारा निवासी चंद्रहास मरकाम पिता राधेलाल उम्र 20 वर्ष, आशुतोष नेताम पिता बन्नू राम नेताम और मुकेश मरकाम पिता धनराज मरकाम उम्र 17 वर्ष, यह तीनों बाइक में सवार होकर जा रहे थे। तभी कोपरा मुंडापारा चौक के पास पीले रंग की स्कूल बस के साथ टकरा गए। बस से टकराने के बाद मुकेश मरकाम और आशुतोष नेताम यह दोनों बस के पिछले चक्के में आ गए। मुकेश के सर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही आशुतोष के कमर के ऊपर से चक्का चढ़ा गया। वहीं बाइक चालक चंद्रहास मरकाम बाइक के साथ दूर में जा गिरा उसके पैर में चोट आई। आशुतोष में तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। कमर में गंभीर चोट आने पर उसे बेहतर उपचार हेतु कांकेर अस्पताल रिफर किया गया।

---

### शिक्षक, बच्चों और पालकों को सही दिशा दिखाएं: गृहमंत्री

# घनघोर नक्सल इलाके में बंद पड़े 14 स्कूलों को एक ही दिन में खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नौनिहालों का स्वागत कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने दक्ष बीजापुर के मेघावी छात्र छात्राओं को पांच-पांच हजार का चेक वितरण कर उन्हें सम्मानित किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थाओं के प्रमुख, उत्कृष्ट विद्यालय, पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं बोर्ड के टॉपर बच्चों के सम्मानित किया गया। वेंडे स्कूल दायकाल अंतर्गत अप्रवेशी और शाला त्यागी बच्चों को वेलकम किट वितरण कर उत्साह वर्धन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने जिले में 16 स्थानों पर बंद स्कूलों का पुनः संचालन एवं नए स्कूल का शुभारंभ किया। जिसमें एड्समेटा, तोड़का, सावनार, कोरचोली, नेंड्रा, इतावर, करका, भट्टीगुड़ा जैसे अतिसंवेदनशील इलाकों में 14 बंद स्कूल सहित कुल 16 स्कूल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के छात्रों सहित समस्त स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पढ़ाई में, खेल में, संस्कारों में आगे बढ़ें। ईश्वर आपको बुद्धिमान बनाए, ताकि आप देश और समाज की सेवा कर सकें।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बीजापुर में हो रहा यह व्यापक शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम दर्शाता है कि यहां परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन आसान नहीं है, इसके लिए संघर्ष करना होता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों और पालकों को सही दिशा दिखाएं, स्थानीय समाज को भ्रमों से बाहर निकालें और शिक्षा की रोशनी दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाएं। उन्होंने शिक्षा को शांति स्थापना का मूल आधार बताते हुए कहा कि अगर समाज किसी की बात सबसे पहले सुनता है, तो वो शिक्षकों की होती है। समाज को दिशा देने वाले सबसे प्रभावी व्यक्ति शिक्षक ही होते हैं। उन्होंने बीजापुर के विकास की संभावनाओं पर भी जोर देते हुए कहा कि बीजापुर के पास अद्भुत क्षमता है, बस उसे उभारने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार बीजापुर के विकास को लेकर चिंतित हैं। जब ऊपर से नीचे तक सभी चिंतित हैं, तो बात अवश्य आगे बढ़ेगी। उन्होंने नक्सली हिंसा पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि 13 वर्षीय स्कूली छात्र की हत्या अत्यंत अमानवीय और अस्वीकार्य है।





**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया सहित जिला पंचायत के सदस्यगण, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जनप्रतिनिधिगण, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय सहित जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

### कलेक्टर ने जिला पंचायत का किया निरीक्षण

# देर से पहुंचे कर्मचारियों ने कान पकड़कर मांगी माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार सुबह जिला पंचायत, जिला अस्पताल और करपात्री स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अनुशासनहीन अधिकारियों-कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी निर्धारित समय के बाद कार्यालय पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने मौके पर ही नाराजगी जताते हुए शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा उपस्थिति रजिस्टर की जांच में एक दो नहीं बल्कि कुल 42 कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंचे हैं। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी के नाम के सामने टीप अंकित कर संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकारते हुए सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर क्षमा याचना की और भविष्य में समय का पूर्ण पालन करने का संकल्प भी लिया।

### कान पकड़वाना अनुचित: टीचर्स एसोसिएशन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला के मुखिया द्वारा कुछ विलंब से कार्यालय पहुंचने वाले जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों को कान पकड़वाने की घटना को अशोभनीय व अनुचित करार दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि कर्मचारियों-अधिकारियों का विलंब से कार्यालय पहुंचना सही नहीं है, लेकिन इस प्रकार से दंडित किया जाना कबीरधाम जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अपमानजनक घटना है। सिविल सेवा आचरण संहिता में कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए दण्ड का प्रावधान है, जिसके तहत दण्ड दिए जाने में हमें कोई आपत्ति नहीं है।

---

# ग्लैण्डर्स से संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए 5 लोगों के लिए गए ब्लड सैंपल



पहली बार सामने आया ग्लैण्डर्स बीमारी का मामला, मनुष्यों के लिए भी खतरनाक

सरगुजा में दो घोड़ों को जहर के इंजेक्शन से दी गई इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

शहर में मौजूद दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए व्यक्तियों का सैंपल लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 5 पशु पालकों के सैंपल लेकर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सपुर्द कर दिया है। अब इस सैंपल को जांच के लिए हिसार भेजा जाएगा। इधर एक अच्छी खबर यह है कि पशु पालकों के दो अन्य घोड़ों को ग्लैण्डर्स रिपोर्ट निगेटिव आई है जिससे विभाग ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि सरगुजा में पहली बार घोड़ो में ग्लैण्डर्स बीमारी की पुष्टि हुई थी। शहर के बनारस रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित घोड़ा मालिक कमल धीवर के एक नर और एक मादा घोड़े में ग्लैण्डर्स की पुष्टि हुई थी जिसके बाद शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया था। इस मामले में इस खतरनाक और संक्रामक बीमारी की जानकारी मिलने के बाद दोनों घोड़ों को जहर देकर मारने के निर्देश कलेक्टर सरगुजा ने दिए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा की टीम ने बनारस रोड इंडस्ट्रियल एरिया निवासी 22 वर्षीय उमेश धीवर आ. जोशिक राम, 24 वर्षीय कमलेश धीवर आ. जोशिक राम, 18 वर्षीय हिमांशु सिंह, 55 वर्षीय लखन साहू आ. पकलु साहू, 28 वर्षीय कमल धीवर का ब्लड सैंपल एकत्रित किया।

### हिसार भेजा जाएगा ब्लड सैंपल

गुरुवार को 5 लोगों के सैंपल लेने के बाद उन्हें सीएमएचओ सरगुजा के निर्देश पर कोल्ड चेन बोक्स में संग्रहित कर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा इन सैंपल को ग्लैण्डर्स की जांच के लिए राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार भेजा जाएगा। इसके लिए सबसे पहले इस सैंपल को रायपुर भेजा जाएगा और रायपुर से सैंपल हिसार जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति पर निर्णय लिया जाएगा।

### घोड़ों की रिपोर्ट आई निगेटिव

पशु मालिक कमल धीवर के दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स की पुष्टि होने के बाद उन्हें जहर देकर मारा गया था। ग्लैण्डर्स एक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित जानवरों एक सीधे सम्पर्क में आने, संक्रामक जानवरों के नाक से निकले स्त्राव, मवाद के सम्पर्क में आने से फैलता है। इसका उपचार एंटीबायोटिक दवाओं से किया जा सकता है लेकिन समय पर उपचार नहीं होने से यह बीमारी घातक हो जाती है।

### लिए गए है सैंपल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 लोगों के सैंपल लिए गए है। सभी सैंपल को जांच के लिए रायपुर से हिसार भेजा जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में संपर्क में आए दो अन्य घोड़ों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

-डॉ. आरपी शुक्ला
उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

### किया गया विभाग के सुपुर्द

संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए पांच लोगों एक सैंपल स्वास्थ्य विभाग ने एकत्रित किया है। सभी सैंपल को उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा ही इसकी जांच कराई जाएगी।

-डॉ. पीएस मार्को
सीएमएचओ सरगुजा

---

# नपा अध्यक्ष पति ने भाजपा पार्षद पर किया हमला

**ओडिशा से सात आरोपी गिरफ्तार**

**सारंगढ़।** नगर पालिका के निर्वाचित भाजपा पार्षद मयूरेश केशरवानी पर बुधवार रात 9 बजे नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे के पति अजय बंजारे ने अपने 15 से अधिक साथियों के साथ मिलकर दुकान से बाहर खींचकर लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से बर्बरतापूर्वक हमला किया। मोहल्ले की महिलाओं ने बीचबचाव किया, जिससे मयूरेश की जान बच सकी। राज्य शासन ने 2 जुलाई को जमीन आवंटन में अनियमितताओं के चलते नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे को उनके पद से बर्खास्त कर दिया था। इस फैसले से बौखलाकर अजय बंजारे ने भाजपा पार्षद मयूरेश पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद लोहे की रॉड और अन्य घातक हथियारों से 10-15 मिनट तक ताबड़तोड़ हमला किया गया। मयूरेश को अधमरा हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने सिंघोड़ा मंदिर के पास, छत्तीसगढ़ ओडिशा सीमा से मुख्य आरोपी अजय बंजारे समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सारंगढ़ बिलाईगढ़ आंजनेय वार्ष्णेय नपा अध्यक्ष के पति अजय बंजारे समेत कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य की तलाश जारी है।

---

# नए टैरिफ में बिजली महंगी होने से पहले जून के बिल में राहत, दूसरी बार एफपीपीएएस माइनस में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



**खास खबर**

- जुलाई में आने वाले जून के बिल में इस बार नहीं लगेगा पिछली बार लगा हुआ 7.32 फीसदी का शुल्क

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार नए टैरिफ में महंगी बिजली का झटका लगना तय है। अभी नए टैरिफ पर फैसला होना बाकी है, लेकिन इसके पहले जून के बिजली बिल में एक छोटी सी राहत एफपीपीएएस शुल्क के माइनस में होने से मिलेगी। अप्रैल के बिल में पहली बार एफपीपीएएस शुल्क माइनस में चला गया था। ऐसे में अप्रैल का जो बिजली बिल मई में आया था, उसमें 12.61 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क नहीं देना पड़ा, लेकिन फिर जून में जो मई का बिल आया, उसमें फिर से एफपीपीएएस शुल्क 7.32 फीसदी के हिसाब से लिया गया था। अब फिर से जून के बिल में एफपीपीएएस शुल्क माइनस हो गया है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। इसके पीछे का कारण यह है कि एनटीसीपी लारा से ली गई बिजली का 15 सौ करोड़ अंतर का पैसा बीते छह माह से उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा था जिसके कारण एफपीपीएएस शुल्क ज्यादा लग रहा था। अब यह अंतर की राशि समाप्त हो गई है। इसलिए अप्रैल में राहत रही।

### टैरिफ में लगेगा झटका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। यह बात तय है कि टैरिफ में भी महंगी बिजली का झटका लगेगा।

---

# बिना सेंटरिंग मिट्टी के ऊपर ही ढाल दिया पुल का स्लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

- करमरी एसडीओ, उपयंत्री और पंचायत सचिव ने माना हुई है गलती

मोहला जनपद पंचायत के करमरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नाटीपार से छुरियाडोंगरी पहुंच मार्ग के बीच पुल निर्माण हेतु ग्राम पंचायत को 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। निर्माण कार्य का कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत है, परंतु पुल निर्माण की स्वीकृति और काम का ठेका उच्च स्तर पर ऊपर से डोंगरगांव निवासी किसी नेता को दिया गया है। जिसने विभाग के एसडीओ सुभाष गोरे, सब इंजीनियर बसंत ध्रुव के साथ मिलकर बिना सेंटरिंग प्लेट के नाले के मिट्टी के ऊपर स्लैब ढाल दिया है। इस अनोखे निर्माण कार्य को लेकर इस वनांचल क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है कि यह निर्माण सरकार के 5 साल के कार्यकाल तक भी नहीं टिक पाएगा।



### अफसरों ने मानी गलती

बिना सेंटरिंग नाले की मिट्टी के ऊपर 15 लाख रुपए की लागत से नाटीपार-छुरियाडोंगरी गांव के बीच बनाए गए पुल को लेकर स्पष्ट तौर पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के एसडीओ सुभाष गोरे व उपयंत्री बसंत ध्रुव ने कहा कि गलती हुई है। सेंटरिंग डालना था।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- मैनपाट में संगठन और प्रशासन ने झोंकी पूरी ताकत, रायपुर-भोपाल की बड़ी इवेंट कम्पनियों ने संभाला मोर्चा
- रेस्टहाउस को संवारा जा रहा, रिसोर्ट चकाचक

## शिविर का उद्घाटन नड्डा करेंगे समापन में आएंगे शाह

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन और सत्ता के राष्ट्रीय प्रमुख, राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री बीएल संतोष, शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित बारह प्रमुख लोग मंत्री-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। शिविर के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। समापन समारोह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में होगा। इस शिविर में गुरुवार को एक नया अपडेट आया है कि प्रशिक्षण शिविर के आखिरी दिन संभाग के सभी जिला पंचायत सदस्य एवं महापौर भी शामिल होंगे।

# फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में रुकेंगे नड्डा-शाह और शिवराज, फुटू-कोचई पत्ता का चखेंगे स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर संगठन व प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शैला रिसार्ट-करमा रिसार्ट को पूरी तरह से नया रंग रूप दिया जा रहा है। फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को नया स्वरुप दिया जा रहा है। इसके लिए रायपुर- भोपाल की बड़ी इवेंट कंपनियों को मैदान में उतारा गया है। करमा रिसार्ट, शैला रिसार्ट के कमरों के साथ ही मैनपाट के सभी निजी ▶▶| शेष पेज 7 पर





### फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में नड्डा और शाह रुकेंगे

मैनपाट के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साथ ही केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रुकेंगे। फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के रेस्ट हाउस को पूरी तरह से नया रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में रुकेंगे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के संगठन मंत्री पवन साय कैंप नम्बर एक के डोलमा रेस्ट हाउस में रुकेंगे।


**फुटू-कोचई पत्ता व पुआ रोटी वीआईपी थाली में सजेंगे :** प्रशिक्षण शिविर में आ रहे व्हीआईपी नेताओं को सरगुजा के परम्परागत व्यंजन को चखने का अवसर मिलेगा। सरगुजा में लजीज व्यंजनों में शामिल फुटू, कोचई पत्ता की सब्जी, पुआ रोटी के साथ लकड़ा चटनी एवं पेज भात भी अतिथियों को परोसा जाएगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### यार्ड में मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में बृहस्पतिवार को एक रेलवे यार्ड में पत्थर से लदी मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। यह घटना झारखंड के साहिबगंज जिले में पूर्वी रेलवे के अंतर्गत आने वाले बड़हरवा रेलवे यार्ड में घटी।



### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब साढ़े तीन बजे एक 12 पहिया वाले ट्रक और एक मिनी ट्रक (407) के आपस में टकरा जाने से यह दुर्घटना हुई।




### दो बसों की टक्कर में 14 छात्र समेत कई घायल

**मंगलुरु।** कर्नाटक में मंगलुरु से लगभग 60 किलोमीटर दूर सूरतकल में दो बसों के बीच आमने-सामने की टक्कर में 14 छात्रों सहित दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। इस हादसे में दोनों बसों के चालक भी घायल हुए हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब एक बस चेल्यारु की ओर जा रही थी।



### कैंटर ने बाइक को टक्कर मारी चार बच्चों सहित पांच की मौत

**हापुड़।** हापुड़ जिले में एक तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दानिश (40) अपने दो बच्चों मायरा (11) और समायरा (10) तथा भाई सरताज के बच्चों समर (आठ) और मिहिम (10) के साथ नहाने गए थे।



### तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के रामपुर बरकोनिया क्षेत्र में तालाब में नहाते समय डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि करौदिया गांव में स्थित चिलमनवा तालाब में बुधवार को दो सगी बहनें प्रियंका (छह) और अंशिका (सात) नहाने गई थीं, इस दौरान गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।




1.05 लाख करोड़ की महा-डील, रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावों पर मुहर

# चीन-पाकिस्तान से 'टसल' के बीच भारतीय सेना को मिलेगा 'ब्रह्मास्त्र'

*ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाने वाले भारत का डिफेंस सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। भारत की बढ़ती सैन्य ताकत को देखकर पाकिस्तान और चीन के पसीने छूटना लाजमी है। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने करीब 1.05 लाख करोड़ रुपए की 10 बड़े रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह पूरी डील 'बाय इंडियन आईडीडीएम' कैटेगरी के तहत होने वाली है ताकि देश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिले।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 'सैन्य हार्डवेयर' और 'प्लेटफार्मों' के लिए पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूंजीगत अधिग्रहण से आशय उस व्यय से है, जो बजट में पूंजीगत मद में वर्णित होता है।



आधिकारिक बयान के अनुसार, डीएसी ने बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी। बयान में कहा गया है कि इन खरीद से सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियां और बेहतर होंगी। माइन काउंटर मेजर वेसल, सुपर रैपिड गन माउंट ▶▶| शेष पेज 7 पर







### पहले से और ताकतवर होंगी सेनाएं

इन खरीद से सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियां और बेहतर होंगी। 'माइन काउंटर मेजर वेसल', 'सुपर रैपिड गन माउंट' और 'सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल' की खरीद को भी मंजूरी दी गई। मंत्रालय ने कहा, इन खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित खतरों को कम करने में मदद मिलेगी।

### क्या है यह 'महा-डील'?

| | |
|---|---|
| कुल बजट | लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपए |
| प्रस्तावों की संख्या | 10 |
| खास बात | बाय इंडियन-आईडीडीएम कैटेगरी |
| मंजूरी किसने दी | रक्षा अधिग्रहण परिषद |

- बख्तरबंद गाड़ियां, इलेक्ट्रॉनिक वॉर तकनीक, घातक मिसाइलें
- रक्षा अधिग्रहण परिषद ने दी 10 बड़े रक्षा सौदों को दी मंजूरी

### क्या है बाय (इंडियन-आईडीडीएम) का मतलब?

यह इस पूरी डील की आत्मा है। इसका मतलब है -इंडिगिनोसली डिजाइन, डेवलप एंड मैनीफैक्चर्ड। आसान भाषा में कहें तो, ये सभी हथियार और सिस्टम भारत में ही डिजाइन होंगे। भारत में ही डेवलप होंगे और भारत में ही बनेंगे। इसका मतलब है कि 1.05 लाख करोड़ रुपए का पूरा पैसा विदेशी कंपनियों की जेब में नहीं जाएगा।

### स्वदेशी 'ब्रह्मास्त्र'

**1. थल सेना की जमीनी ताकत**

**आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल :** ये एक तरह से टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों की 'एंबुलेंस' होती हैं। अगर युद्ध के मैदान में कोई टैंक खराब हो जाए या फंस जाए, तो ये गाड़ियां उसे सुरक्षित निकालकर वापस लाती हैं।

**2. नौसेना का समुद्री कवच**

**माइन काउंटर मेजर वेसल :** इन जहाजों का काम दुश्मन द्वारा समुद्र में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को ढूंढकर नष्ट करना है, ताकि हमारे जहाज सुरक्षित रह सकें।

**मूर्ड माइन्स :** यह भारत को खुद समुद्री रास्ते ब्लॉक करने की क्षमता देगा, ताकि दुश्मन के जहाज हमारे बंदरगाहों तक न पहुंच सकें।

**सुपर रैपिड गन माउंट :** ये नौसेना के जहाजों पर लगने वाली बेहद तेज गति से फायर करने वाली तोपें हैं, जो दुश्मन के हवाई जहाज, ड्रोन और छोटी नावों को पलक झपकते ही नष्ट कर सकती हैं।

**सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल :** ये बिना इंसान के चलने वाली छोटी पनडुब्बियां हैं, जो पानी के नीचे खुफिया निगरानी और जासूसी का काम करेंगी।

**3. तीनों सेनाओं के लिए ब्रह्मास्त्र**


**इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम :** यह सिस्टम दुश्मन के रडार, कम्युनिकेशन और ड्रोन सिग्नल को जाम कर उन्हें अंधा और बहरा बना देगा

**सरफेस-टू-एयर मिसाइल :** जमीन से हवा में मार करने वाली ये मिसाइलें दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और मिसाइलों के लिए काल साबित होंगी और हमारे आसमान को एक अभेद्य किला बना देंगी।

**इंटीग्रेटेड कॉमन इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम :** यह एक हाई-टेक लॉजिस्टिक्स सिस्टम है जो तीनों सेनाओं के हथियारों और स्पेयर पार्ट्स का हिसाब रखेगा, जिससे सप्लाई चेन बेहतर होगी और हर चीज समय पर मिलेगी।

भारी बारिश का असर

## सोनप्रयाग के पास भूस्खलन, रोकी गई केदारनाथ यात्रा



एजेंसी ▶▶| रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में सोनप्रयाग के पास मुनकटिया में बारिश के कारण भूस्खलन हुआ जिसके बाद गुरुवार को केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मलबे और पत्थरों से मुनकटिया में सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई है। उसने बताया कि गौरीकुंड से लौट रहे कुछ तीर्थयात्री क्षेत्र में फंस गए थे लेकिन राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के कर्मचारियों ने उन्हें वहां से निकाला और सुरक्षित सोनप्रयाग पहुंचाया। एहतियात के तौर पर केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।

### हिमाचल में अभी भी 29 लापता

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से संबंधित घटनाओं में दो और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है जबकि 29 अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। मंडी जिले के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को बादल फटने की दस घटनाएं हुईं, तीन बार अचानक बाढ़ आई और एक स्थान पर भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह दो शव बरामद किए गए।

### बागेश्वर धाम में पंडाल गिरा, अधेड़ की मौत

इधर, मप्र के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम परिसर में भारी बारिश के कारण पंडाल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई जब जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दूर गढ़ा गांव में बारिश से बचने के लिए श्रद्धालुओं ने अस्थाई पंडाल के नीचे शरण ली थी। मूसलाधार बारिश के कारण पंडाल गिर गया जिससे श्यामलाल कौशल (50) की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों में से दो को छतरपुर में एक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## कवासी के करीबियों से मिले 44 संपत्तियों के दस्तावेज

### एनएसयूआई नेता को दिए थे चार करोड़ महुआ खरीदी में भी लगाया पैसा

- ईओडब्लू के चालान में कई खुलासे आबकारी अधिकारियों के हिस्से का भी जिक्र



हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

2100 करोड़ के शराब घोटाले में ईओडब्लू द्वारा पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ पेश चार्जशीट में कई अहम खुलासे हुए हैं। बताया गया है कि शराब की काली कमाई का कवासी लखमा ने करीबियों पर जमकर खर्च किया। चालान में कहा गया है कि लखमा ने बंद पड़ी सीमेंट फैक्ट्री में पैसा निवेश तो किया ही, महुआ कारोबार में भी डेढ़ करोड़ रुपए लगाया था। इस बात का भी इसमें जिक्र है कि उन्होंने अपने करीबी एनएसयूआई पदाधिकारी को चार करोड़ रुपए दिए थे, जिससे उसने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इनके पास से मिले इतने प्रॉपर्टी पेपर

एसीबी, ईओडब्लू ने कवासी लखमा के जिन छह करीबियों के यहां से करोड़ों रुपए के 44 प्रॉपर्टी के पेपर जब्त किए हैं, उनमें सबसे ज्यादा दस्तावेज अंबिकापुर के कारोबारी अशोक अग्रवाल से मिले हैं। जिन लोगों के यहां से प्रॉपर्टी पेपर जब्त किए गए हैं, उनकी सूची इस प्रकार से है।

- बसीर अहमद, सुकमा - 07 प्रॉपर्टी पेपर
- जी. नागेश, रायपुर - 11 प्रॉपर्टी पेपर
- राजकुमार तामो, दंतेवाड़ा - 07 प्रॉपर्टी पेपर
- राजेश नारा, सुकमा - 02 प्रॉपर्टी पेपर
- पारसमल जैन, सुकमा - 03 प्रॉपर्टी पेपर
- अशोक कुमार अग्रवाल, अंबिकापुर - 14 प्रॉपर्टी पेपर

### महुआ खरीदी करने रकम निवेश

ईओडब्लू के चालान में उल्लेख किया गया है कि कवासी लखमा के पास पेशे से ट्रांसपोर्टर तथा कारोबारी तोंगपाल निवासी जयदीप भदौरिया ने उनसे वर्ष 2020 में महुआ की बढ़ती कीमतों को देखते हुए महुआ संग्रहण करने एक करोड़ रुपए उधार लिया था। बाद में महुआ की कीमतों में और बढ़ोतरी के आसार को देखते हुए कवासी लखमा ने डेढ़ करोड़ और रुपए निवेश किया। जांच एजेंसी ने जब उनसे पर्ची मांगी तो पर्ची कवासी लखमा के नाम से दी गई।

## इंग्लैंड में शुभमन के शुभ कदम ठोक दिए 269 रन

इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाने वाले बने पहले एशियाई टेस्ट कप्तान | विदेश में भारत के लिए 250+ रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

शुभमन गिल इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। उन्होंने एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था, जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्‌र्स पर बनाए थे।



**गिल**
- 269 रन
- 387 गेंद
- 30 चौके
- 3 छक्के

### दिग्गजों के क्लब में हुए शामिल

वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में सात दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है।

## शराब के नशे में धुत एचएम ने बच्चों के साथ किया डांस, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

एक तरफ शासन प्रशासन बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शाला प्रवेश उत्सव आयोजित कर रही है और बच्चों को तिलक लगाकर उन्हें शाला प्रवेश कराया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एक स्कूल ऐसा भी है जहां शिक्षक अपनी मर्यादा को भूलकर शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस कर रहे है। बच्चों के साथ प्रधान पाठक का शराब के नशे में धुत होकर डांस करने का वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्रीय विधायक ने नाराजगी जाहिर की है वो वहीं दूसरी ओर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जांच के बाद विभाग ने किया निलंबित, बच्चों ने भी लगाए आरोप



### किया गया है निलंबित

मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल जांच के निर्देश दिए गये थे। जांच के बाद प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। **- डीएन मिश्रा,** डीईओ बलरामपुर

अमरनाथ यात्रा शुरू : गुफा के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

# अमरनाथ में पहली आरती, गूंजा हर-हर महादेव

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

अमरनाथ यात्रा गुरुवार से शुरू हो गई। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुरुवार को बालटाल और नुनवान आधार शिविरों से दक्षिण कश्मीर के हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा मंदिर की ओर रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। यात्रा नुनवान-पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

### 5200 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था

कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ, जो दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। दूसरे जत्थे को सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना किया जाएगा।



**चप्पे-चप्पे पर जवान :** अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों जवानों को तैनात किया गया है। तीर्थयात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा।

### अब तक 3.5 लाख से ज्यादा पंजीयन

इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

### आरएसएस की प्रांत प्रचारक बैठक आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन केशव कुंज (दिल्ली) में आज शुक्रवार 4 जुलाई से रविवार 6 जुलाई तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने केशव कुंज में पत्रकार वार्ता के दौरान बैठक में आने वाले विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे। आंबेकर ने बताया कि बैठक में मुख्यतः संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। यह बैठक कोई निर्णय लेने वाली बैठक नहीं है। प्रांतों में संगठन के कार्य की प्रगति व अनुभवों पर चर्चा होती है।

**अमेरिका की धरती पर ही भारतीय विदेशमंत्री ने दिया जवाब**

# भारत पर 500% टैरिफ की धमकी, जयशंकर बोले- उठाएंगे जरूरी कदम

## एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल पर है हमारी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिका के उस प्रस्ताव पर बात की, जिसमें भारत से आने वाले सामान पर 500% तक टैरिफ लगाने का संकेत दिया गया है। यह टैरिफ रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि भारत इस मामले पर पूरी नजर रखे हुए है। अगर इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई असर पड़ता है, तो भारत जरूरी कदम उठाएगा। जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल पर हमारी नजर है। अमेरिका में जो कुछ भी हो रहा है, अगर उससे हमारे हितों पर कोई असर पड़ता है, तो हम उसमें दिलचस्पी रखते हैं।' एस जयशंकर ने आगे कहा, 'हमारा दूतावास और राजदूत सीनेटर ग्राहम के संपर्क में हैं। हमने अपनी ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बारे में उन्हें बता दिया है। इसलिए, जब ऐसी स्थिति आएगी, तब हम देखेंगे।'

### अमेरिका दे रहा टैरिफ लगाने की धमकी

ग्राहम के बिल को सीनेट में 80 से ज्यादा लोगों का समर्थन मिल रहा है। इस बिल में कहा गया है कि अगर कोई देश रूस से तेल, गैस, यूरेनियम या कोई और सामान खरीदता है, तो उस देश से आने वाले सामान पर 500% तक टैरिफ लगाया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बिल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शायद ही रोक पाएं। ग्राहम ने एबीसी न्यूज से बात करते हुए कहा, 'यह एक बड़ी सफलता है। यह बिल क्या करता है? अगर आप रूस से सामान खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके सामान पर अमेरिका में 500% का टैरिफ लगेगा। भारत और चीन पुतिन के तेल का 70% खरीदते हैं। वे उसकी युद्ध मशीन को चालू रखते हैं।' इसका मतलब है कि अगर भारत रूस से तेल खरीदता रहा, तो यहां से जाने वाले सामान पर टैक्स बहुत ज्यादा बढ़ सकता है।



### यह है वजह

भारत, यूक्रेन युद्ध के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं, इसलिए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। कुछ रिपब्लिकन सांसद इस बिल को लेकर थोड़े हिचकिचा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। ग्राहम ने बताया कि वे ट्रंप के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे बिल को 84 लोगों का समर्थन मिल रहा है। इससे राष्ट्रपति को चीन, भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा, ताकि वे व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को सपोर्ट करना बंद कर दें और बातचीत की टेबल पर आएं। कल पहली बार राष्ट्रपति ने मुझसे कहा... मैं उनके साथ गोल्फ खेल रहा था। उन्होंने कहा, 'अब तुम्हारे बिल को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।'इस बिल में एक और बात है। अगर कोई देश यूक्रेन की रक्षा में मदद कर रहा है, तो उसे इस टैरिफ से छूट मिल सकती है। भारत के लिए, अमेरिका एक बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। इसलिए, इस बिल का भारत की अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर बहुत असर पड़ सकता है। अगर अमेरिका भारत से आने वाले सामान पर इतना ज्यादा टैक्स लगा देगा, तो भारत को बहुत नुकसान हो सकता है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर लगेगी मुहर, कृषि क्षेत्र को लेकर भारत अपनी शर्तों पर अड़ा

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे। दोनों देश 9 जुलाई की समय सीमा से पहले एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि अगर इस दिन तक डील नहीं हुई तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत से अमेरिका में आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। हालांकि, भारत कृषि और डेयरी क्षेत्रों को अमेरिका के लिए पूरी तरह से न खोलने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है, इसके साथ ही भारत की ओर से कपड़ा, जेम्स एंड ज्वेलरी, चमड़े के सामान, प्लास्टिक और केमिकल जैसे श्रम प्रधान उद्योगों तक अधिकपहुंच की मांग भी की गई है।

### खबर संक्षेप

### दलाई लामा ही तय करेंगे अपना उत्तराधिकारी : भारत



**नई दिल्ली।** दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर भारत ने चीन को सीधा जवाब दिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ कहा है कि अपना अगला उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार सिर्फ दलाई लामा को है। किसी और को इस बारे में बोलने का हक नहीं है। दलाई लामा ने खुद कहा है कि उनकी संस्था आगे भी जारी रहेगी। गादेन फोड्रंग ट्रस्ट को ही उनके अगले अवतार को चुनने का अधिकार होगा। रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा बौद्ध धर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं।

### इंडियन आर्मी ने 'नौशेरा के शेर' को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने गुरुवार को ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रिगेडियर उस्मान 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में 3 जून के दिन ही नौशेरा की भीषण लड़ाई में शहीद हुए थे। उनकी पुण्यतिथि पर दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया के पास एक कब्रिस्तान में स्थित उनकी कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जम्मू और कश्मीर में नौशेरा की लड़ाई में ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के वीरतापूर्ण प्रदर्शन के कारण उन्हें 'नौशेरा का शेर' की पदवी मिली।

### फ्रेंच लड़की रेप केस 7 दिन में चार्जशीट पेश



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में फ्रांसीसी लड़की से रेप के मामले में पुलिस ने महज सात दिन में आरोपी के खिलाफ अपनी जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। चार्जशीट में पुलिस ने 205 पन्नों में पूरी कहानी बयां की है। वहीं 12 पन्नों में आरोप पत्र लिखा गया है। पुलिस ने अपनी जांच में कुल 24 गवाह बनाये हैं। ये गवाह आरोपी को सख्त सजा दिलाने के लिये न्यायालय में अपनी गवाही देंगे। पुलिस ने आरोपी के कपड़ों और मौके पर मिले साक्ष्यों की एफएसएल जांच भी पूरी करवा ली. लेकसिटी में विदेशी लड़की से रेप की वारदात से पूरा शहर सन्न रह गया था।

### बाली के पास डूबा जहाज, 5 की मौत

**बाली।** इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 5 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 31 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किमी का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे।

**बिहार मतदाता सूची**

### कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस वार्ता कर लगाया आरोप

# वोट के अधिकार पर चोट करने का षड्यंत्र रच रहा चुनाव आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार की मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम सभी के पास वोट देने का एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसके ऊपर साजिशन चोट करने के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग वो मोहरा है, जो ये कदम उठा रहा है। हम लगातार इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं। हैरानी की बात है- जब लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी या राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मांग करते हैं कि वोटर लिस्ट दे दीजिए, वोटिंग के दिन की फुटेज दे दीजिए तो महीनों तक चुनाव आयोग का जवाब तक नहीं आता है, लेकिन यहां एक महीने में पूरे बिहार की नई वोटर लिस्ट बन जाएगी।



**आयुक्त पत्रकारों को मैसेज कर खबरें कर रहे हैं प्लांट**

**बिहार में इस साल नवंबर में होने हैं विस चुनाव**

#### धमका रहे आयुक्त

खेड़ा ने कहा कि इस बारे में हमारे कुछ अधिकृत लोग चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजते हैं और जब हम उनसे मिलने जाते हैं, तो मुख्य चुनाव आयुक्त हमें धमकाने वाले लहजे में कहते हैं- ये 'नया चुनाव आयोग है, नया नॉर्मल है'- जिसमें चुनाव आयुक्त तय करेंगे कि वे कांग्रेस के किस नेता से मिलेंगे।

#### शुरू की एक नई परंपरा

खेड़ा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक नई परंपरा शुरू की है, जिसमें वे पत्रकारों को मैसेज करके खबरें प्लांट करते हैं और सोचते हैं, वो बात गुप्त रह जाएगी, लेकिन आपको बता दूं- कोई बात गुप्त नहीं रह जाती है। आप भूल जाते हैं कि उसका स्क्रीन शॉट हमारे पास भी आ जाता है।

#### आयोग से पूछे ये सवाल

खेड़ा ने कहा कि सवाल है आप क्या विरासत छोड़कर जाएंगे? क्या देश चुनाव आयोग के अधिकारियों को इसलिए याद रखेगा कि पूरा विपक्ष वोटर लिस्ट मांग रहा था और आप नहीं दे रहे थे? वोटिंग के वीडियो फुटेज 45 दिन बाद नहीं दिए जाएंगे! महाराष्ट्र में अचानक 5 बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन आपने आज तक इसपर जवाब नहीं दिया?

### बिहार के 20% वोटरों से उनका अधिकार छीनने की साजिश

*बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा चर्चा के दौरान चुनाव आयोग का एग्रेशन देखकर समझकर आ रहा था कि 'मानो उन्होंने ठान लिया है कि बिहार के 20% वोटरों से उनका अधिकार छीन लेना है।' सवाल ये भी है कि चुनाव आयोग की अधिसूचना के बाद मात्र 19 दिन में ये काम कैसे हो पाएगा. हमें इस कदम से साफ-साफ नजर आ रहा है कि बिहार के वोटरों के साथ ये अन्याय है।*

### आयोग कर रहा वोटबंदी किसी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं

विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में संशोधन को 'वोटबंदी' का नाम दिया है। **INDIA** ब्लॉक के 11 दलों के प्रतिनिधिमंडल ने इसे लेकर बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। **CPI(ML)** लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, 'चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद हमारी चिंताएं और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि आयोग ने हमारे किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया।'

#### तेजस्वी ने लगाया यह आरोप



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी चुनाव आयोग से सवाल किया- 'चुनाव से ठीक पहले आप वोटर लिस्ट क्यों बना रहे हैं? क्या इतने कम दिनों में बिहार के सभी लोगों की वोटर लिस्ट बनेगी?' अगर वास्तव में सुधार करना चाहते थे तो लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत क्यों नहीं किया?'

# आम आदमी पार्टी अकेले लड़ेगी बिहार में विधानसभा चुनाव

**केजरीवाल ने कहा लोस चुनाव भर के लिए था गठबंधन**



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने गुरुवार, 3 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी और किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। केजरीवाल ने साफ किया कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों तक सीमित था, और उसका विस्तार बिहार विधानसभा चुनावों तक नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हम बिहार की जनता के बीच जाएंगे और बदलाव की राजनीति लेकर सामने आएंगे।'

#### साल के आखिर में होंगे चुनाव

बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने की संभावना है। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने तारीखों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। पिछले विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2020 में हुए थे, जिसमें एनडीए (एनडीए) ने सरकार बनाई थी और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 2022 में उन्होंने महागठबंधन (राजद-जेडीयू) के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन 2024 में एक बार फिर बीजेपी के साथ वापसी की।

#### इन मुद्दों पर लड़ेगी चुनाव

आम आदमी पार्टी के बिहार चुनाव लड़ने का फैसला राज्य की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है। केजरीवाल की पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अपने मॉडल के जरिए बिहार में वोटरों को लुभाने की कोशिश करेगी। आप का यह कदम सीधे तौर पर राजद, जेडीयू और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की रणनीति को प्रभावित कर सकता है। अब देखना होगा कि आम आदमी पार्टी बिहार के सियासी मैदान में कितनी पकड़ बना पाती है।

**एसआईटी ने कोर्ट में कहा- साजिश के सबूत नहीं**

# दिशा की नहीं हुई थी हत्या आदित्य को 'क्लीन चिट'

## राउत ने फडनवीस से की माफी की मांग

एजेंसी ▶▶ मुंबई



दिशा सालियान की मौत का केस हत्या, नहीं बल्कि आत्महत्या है, ये कहना है, इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) का. एसआईटी ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया है कि उन्हें अब तक किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक साजिश के प्रमाण नहीं मिले हैं। एसआईटी ने ये बयान, दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान की उस याचिका के जवाब में दिया है, जिसमें उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। सतीश सालियान ने अपनी बेटी की मौत में 'षड्यंत्र और आपराधिक साजिश' का आरोप लगाया था।

#### फडनवीस ने लगाए थे ठाकरे पर आरोप

शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य महायुति नेताओं को इस मामले में आदित्य ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने जबरन आदित्य पर आरोप लगाए। उधर, दिशा के पिता सतीश सालियन ने एक बार फिर दोहराया कि उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

#### ये है मामला

5 साल पहले हुई थी दिशा की मौत 8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की 14वीं मंजिल से गिरकर दिशा की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया था। उस समय दिशा के पिता ने जांच को संतोषजनक माना था। लेकिन अब याचिका में आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी।

### श्रीलंकाई कलाकार... मनभावन




**बेंगलुरु।** बेंगलुरू, कर्नाटक में गुरुवार को श्रीलंकाई कलाकार एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए। श्रीलंका कन्वेंशन ब्यूरो (एसएलसीबी) द्वारा अपने उप उच्चायोग के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम तमिलनाडु के बाद कर्नाटक में किया जा रहा है।

### पूर्व सीएम बघेल ने मूड़ागांव में जंगल कटाई का लिया जायजा



**रायगढ़।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल गुरुवार को रायगढ़ जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तमनार ब्लॉक के मूड़ागांव का दौरा कर वहां कोल ब्लॉक के लिए की गई बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का मौके पर निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर इलाके में चल रही खनन गतिविधियों और उससे जुड़े पर्यावरणीय व सामाजिक प्रभावों को लेकर फीडबैक लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी बहुल इलाकों में मनमाने ढंग से जंगलों की कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी क्षेत्रीय विधायकों और स्थानीय ग्रामीणों ने दी, जिनका कहना है कि लगातार विरोध के बावजूद कंपनियों द्वारा जंगल उजाड़े जा रहे हैं। इसी की सच्चाई जानने वे खुद मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ कांग्रेस के लगभग 20 विधायक, पूर्व विधायक और संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस दौरे में शामिल हैं।

**टॉप इंजीनियर भी नहीं कर सके ठीक, एयरलिफ्ट करने की तैयारी**

# केरल में फंसे अपने एफ-35 को टुकड़ों में वापस ले जाएगा ब्रिटेन!

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ब्रिटिश रॉयल नेवी के एफ-35B फाइटर जेट ने 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग की थी और 19 दिन बाद भी इस विमान में आई खराबी को दूर नहीं किया जा सका है। अब सूत्रों से जानकारी सामने आई है कि फाइटर जेट को टुकड़े-टुकड़े करके सैन्य कार्गो विमान के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। विमान की वापसी के लिए कोई टाइमलाइन न होने के कारण, ब्रिटिश अधिकारी अब विमान को वापस लाने के लिए वैकल्पिक योजनाओं पर काम कर रहे हैं। विमान को आंशिक रूप से तोड़ना यानी डिस्मेंटल करना, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट के नजरिए से विमान को वापस ले जाने के सबसे बेहतर ऑप्शन के रूप में उभरा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटेन अब इस फाइटर जेट को C-17 ग्लोबमास्टर विमान में वापस ले जाने पर विचार कर रहा है।

### 19 दिन बाद भी दूर नहीं की जा सकी दुनिया के सबसे आधुनिक फाइटर खराबी



#### एयरपोर्ट पर हुई थी इमरजेंसी लैंडिंग

एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा एफ-35**B** केरल के तट से 100 समुद्री मील दूर ऑपरेशन कर रहा था, जब खराब मौसम और फ्यूल की कमी के कारण 19 दिन पहले विमान को इमरजेंसी हालात में तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। अब तक तीन टेक्निशियंस वाली रॉयल नेवी टीम इसे ठीक नहीं कर पाई है। इस जेट को सीआईएसएफ की कड़ी सुरक्षा में एयरपोर्ट के बे-4 में पार्क किया गया है। शुरुआत में, रॉयल नेवी ने केरल में मॉनसून की बारिश के बावजूद, जेट को हैंगर में ले जाने के एअर इंडिया के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था. बाद में, ब्रिटिश नौसेना ने जेट को हैंगर में ले जाने पर अपनी सहमति जताई।

#### क्यों खास है एफ-35 जेट?

एफ-35 को दुनिया के सबसे महंगे और एडवांस फाइटर जेट्स में गिना जाता है। पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ यानी रडार से बचने वाले इन विमानों को मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन बनाती है। यह फाइटर जेट अपने हाईटेक स्टील्थ डिजाइन, रडार और डेटा फ्यूजन सिस्टम के लिए जाने जाते हैं। एक विमान की कीमत 110 मिलियन डॉलर यानी करीब 950 करोड़ रुपये है।

### थाईलैंड को मिला दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री

**बैंकाक।** थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला है। गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने गुरुवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालीं। उन्होंने 24 घंटे प्रधानमंत्री रहे सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली है। सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट को बुधवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। 70 साल के सूर्या ने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा की जगह ली थी, जिन्हें 1 जून को पद से हटाया गया था। पैतोंगतार्न शिनावात्रा के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के एक बड़े नेता के साथ फोन पर बातचीत की, जो सार्वजनिक हो गई और इसे मंत्री पद के नैतिक नियमों का उल्लंघन माना गया। थाई सरकार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने पर सहमति बनी। यह बैठक तब हुई जब थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। पीएम पाइतोंग्तार्न का कंबोडिया के नेता के साथ बातचीत का एक वीडियो लीक हो गया था।

## महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्याओं पर राहुल गांधी का हमला

# ‘सिस्टम किसानों को मार रहा है, आमदनी दोगुनी तो नहीं हुई जिंदगी आधी हो गई’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में बढ़ती किसान आत्महत्याओं को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने केंद्र सरकार पर किसानों की अनदेखी करने और उनकी मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा, महाराष्ट्र में केवल तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली, जो न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि 767 उजड़े हुए परिवारों की त्रासदी है। उन्होंने सरकार की बेरुखी और चुप्पी की कड़ी आलोचना की, साथ ही किसानों की बदहाली के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। राहुल गांधी के एक्स पर लिखे पोस्ट के जवाब में भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि 15 साल के कांग्रेस-एनसीपी शासन (2004-2019) के दौरान महाराष्ट्र में 55 हजार 928 किसानों ने आत्महत्या की। मालवीय ने कहा, /"मृतकों की गिनती की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना जरूरी है।/"

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा, सोचिए... सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि ये आंकड़े महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा उठाए गए, जिन्होंने दावा किया कि इनमें से 200 मामलों को सहायता के लिए अयोग्य घोषित किया गया, जबकि 194 मामलों की जांच अभी लंबित है।

### वादे की दिलाई याद

*राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में किए गए उस वादे की भी याद दिलाई, जिसमें उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया था। उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे - आज हाल ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे क्षेत्रों में किसान आत्महत्याओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2023 में राज्य में 2,851 किसानों ने आत्महत्या की थी, जिसमें विदर्भ में 1,439 और मराठवाड़ा में 1,088 मामले दर्ज किए गए। 2025 के शुरुआती तीन महीनों में 767 आत्महत्याओं का आंकड़ा इस संकट की गंभीरता को और उजागर करता है।*

### त्रासदी सिस्टम की हत्या

राहुल ने इस त्रासदी को सिस्टम की हत्या करार दिया, जिसमें किसानों को हर दिन कर्ज के दलदल में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा, किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीज़ल महंगा है... लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज़ माफ़ी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों के प्रति पक्षपात का आरोप लगाया। राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने में तत्परता दिखाती है, लेकिन किसानों की कर्ज माफी की मांग को लगातार अनसुना करती है।

# ‘सिद्धारमैया’ ने एएसपी को थप्पड़ मारने की कोशिश की, अब डैमेज कंट्रोल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक में इन दिनों सियासी भूचाल है। मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा है। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की एक पुरानी घटना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मंच पर उन्हें एक पुलिस अफसर को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाते हुए देखा गया था। अब उसी पुलिस अधिकारी ने सरकार से रिटायरमेंट की मांग की है। इस घटना के बाद एएसपी नारायण बरमणि आहत हुए। उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया और फैसला लिया कि अब वो पुलिस की नौकरी नहीं करना चाहते। नारायण बरमणि पिछले 31 सालों से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं और अभी रिटायरमेंट में 4 साल बाकी है, लेकिन उन्होंने सरकार को पत्र भेज दिया और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की।


HDFC BANK

## एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री अग्रवाल अनिल कुमार,** फ्लैट-डी-216, फ्लोर-2, अवंती एलिगेंस, ब्लॉक डी, स. क्र., खसरा नं. 515/2(भाग), 515/3, 515/13, 516/1-2, 517/1(भाग) 517/2(भाग), 522/3(भाग), 522/4, प.ह.नं. 109, ग्राम-सड्डू, रायपुर, छ.ग. 492001. **श्री अग्रवाल अनिल कुमार,** मकान नंबर 14, नगर मार्ग, चौबे कॉलोनी, छोटापारा-रायपुर, छ.ग.,492001. **श्रीमती अग्रवाल स्वप्ना देवी,** मकान नंबर 14, नगर मार्ग, चौबे कॉलोनी, छोटापारा-रायपुर, छ.ग.,492001. **श्रीमती अग्रवाल स्वप्ना देवी,** फ्लैट-डी-216, फ्लोर-2, अवंती एलिगेंस, ब्लॉक डी, स. क्र., खसरा नं. 515/2(भाग), 515/3, 515/13, 516/1-2, 517/1(भाग) 517/2(भाग), 522/3(भाग), 522/4, प.ह.नं. 109, ग्राम-सड्डू, रायपुर, छ.ग. 492001. | ₹ 1,80,242/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग फ्लैट, क्षेत्रफल-1606 वर्गफीट (149.26 वर्गमीटर) फ्लैट-डी-216, फ्लोर-2, अवंती एलिगेंस, ब्लॉक डी, स.क्र., खसरा नं. 15012/1, वार्ड नं. 27, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, राजधानी विहार/अंजनी टॉवर, प.ह.नं. 109, ग्राम-सड्डू, रायपुर. **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- फ्लैट - D-215, दक्षिण-खुला क्षेत्र, पूर्व-खुला क्षेत्र, पश्चिम- कॉरीडोर. |
| 2. | **श्री कुमार दिनेश,** ईडब्लूएस-186, दीनदयाल आवास योजना, स.क्र., दीनदयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर डिवीजन, मंगला, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्री कुमार दिनेश,** 17वीं बटालियन, पुलिस लाइन, कवर्धा, छत्तीसगढ़, 491995. **श्री कुमार दिनेश,** पुलिस विभाग, गृह विभाग कार्यालय, कमांडेंट, 17वीं स्पेशल इंडिया रिजर्व, बटालियन एसपी ऑफिस भवन, कवर्धा - 491995. **श्री दास सरदार,** नरधरिया, बीजू, बिगहा, गया-बिहार, 823004. **श्री दास सरदार,** ईडब्लूएस-186, दीनदयाल आवास योजना, स.क्र., दीनदयाल आवास योजना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर डिवीजन, मंगला, बिलासपुर-छ.ग. 495001. **श्री दास सरदार,** मै. जतन दास नव धारिया बीजू, गया - बिहार, 823004. | ₹7,09,230/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान, क्षेत्रफल 40.500 वर्ग मीटर (435.78 वर्ग फीट) भूतल बिल्टअप एरिया-305 वर्गफीट (28.345 वर्गमीटर) मकान नंबर ईडब्ल्यूएस-186, दीनदयाल आवास योजना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, प.ह.नं. 21/35, खसरा नंबर 76/3 का भाग, आरआईसी- बिलासपुर, विकास खंड-बिल्हा, मौजा- मंगला नेहरू नगर डिवीजन तह. एवं जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़, से जिसकी **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- मकान नंबर ईडब्ल्यूएस 187, दक्षिण-मकान नंबर ईडब्ल्यूएस 185, पूर्व-मकान नंबर ईडब्ल्यूएस 183, पश्चिम- सीसी रोड |
| 3. | **कुमारी देवांगन गायत्री,** प्लॉट-31-ब्लॉक-जे, ASK सिटी, स.क्र. खसरा नं 577, 600, 614 से 626 का भाग, प.ह.नं. 2, ग्राम-सोनपेरी, तह. अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. **कुमारी देवांगन गायत्री,** मधु बाड़ी, हनुमान नगर, संतोषी नगर, रायपुर, छ.ग., 492001. **सुश्री देवांगन गायत्री,** मै. श्री साई राम सेल्स कॉर्पोरेशन, 1, गुड लक पॉलिमर, शुभम के मार्ट के पास, पुराना धमतरी रोड, संतोषी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. **श्रीमती देवांगन प्यारी बाई,** मधु बाड़ी, हनुमान मंदिर स्ट्रीट, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. 492001. **श्रीमती देवांगन प्यारी बाई,** प्लॉट-31-ब्लॉक-जे, ASK सिटी, स.क्र. खसरा नं 577, 600, 614 से 626 का भाग, प.ह.नं. 2, ग्राम-सोनपेरी, तह. अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. | ₹6,81,538/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग परिवर्तित प्लॉट, जिसका क्षेत्रफल- 1250 वर्गफीट (116.17 वर्ग मीटर) प्लॉट-31-ब्लॉक-जे, ASK सिटी, स.क्र., खसरा नं. 616/1 का भाग, प.ह.नं. 2, ग्राम-सोनपेरी तह.-अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, **चौहद्दीः**- (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- प्लॉट 30 ब्लॉक जे, दक्षिण- प्लॉट 32 ब्लॉक जे, पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लॉट 38 ब्लॉक जे। |
| 4. | **श्री खरे पितर कुमार,** प्लॉट-नं.-411, स्मार्ट नु टाउन, स.क्र., खसरा नं. 167, 169,195, 197, 200, 201, 202, 205, 206, 210, 212, 213, 215, 216, 219, 220, 221, 222, 263, 265,267 का भाग; प.ह.नं. 43; ग्राम-पिरदा रायपुर छ.ग. 492001. **श्री खरे पितर कुमार,** मकान नंबर ए-27, सेंट जोसेफ स्कूल के पास, सेंट जोसेफ टाउन अमलीडीह, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001. **श्री खरे पितर कुमार,** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बेमेतरा-नवागढ़, खंड चिकित्सा अधिकारी, CHC, नवागढ़, बेमेतरा - 495557. **श्रीमती पीटर प्रिंसी,** मकान नं.- 235(1), बालाजी कॉलोनी, मंदिर हसौद, आरंग, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492101. **श्रीमती पीटर प्रिंसी,** प्लॉट-नं.-411, स्मार्ट नु टाउन, स.क्र., खसरा नं. 167, 169,195, 197, 200, 201, 202, 205, 206, 210, 212, 213, 215, 216, 219, 220, 221, 222, 263, 265,267 का भाग; प.ह.नं. 43; ग्राम-पिरदा रायपुर छ.ग. 492001. **श्रीमती पीटर प्रिंसी,** मिशन अस्पताल, इवेंजेलिकल मिशन अस्पताल, ईस्टर्न मिशन बोर्ड ऑफ H-Ser नेओरा-तिल्दा, तिल्दा R.S. रायपुर, छत्तीसगढ़, 493114. | ₹10,01,050/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग प्लॉट, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट है, प्लॉट नंबर 411, स्मार्ट नु टाउन, खसरा नं. 263/133 प.ह.नं. 76; ग्राम-पिरदा, आरआईसी-रायपुर, तह. एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- रोड, दक्षिण- प्लॉट नंबर 412, पूर्व- प्लॉट नंबर 424, पश्चिम- रोड। |
| 5. | **श्री वर्मा मंत्री सिंह,** यूनिट-LIG-01-B-Block-28, फ्लोर-1, श्री कृष्ण विहार प.ह.नं.-2, स.क्र., खसरा नं. 268/149, 269/175; प.ह.नं. 28; ग्राम- सिंघौरी, बेमेतरा छत्तीसगढ़ 491335. **श्री वर्मा मंत्री सिंह,** मकान नंबर 120, वर्मा पारा, वार्ड 07, केवांची, केवांछी, बेमेतरा, छत्तीसगढ़, 491335. **श्री वर्मा मंत्री सिंह,** जनपद पंचायत, बेमेतरा मुख्य कार्यालय जनपद, पंचायत बेमेतरा, बेमेतरा, छत्तीसगढ़, 491335. **श्रीमती वर्मा मंजुलता,** 00 मेन रोड, कवांची, बेमेतरा झाल, बेमेतरा, छत्तीसगढ़, 491335. **श्रीमती वर्मा मंजुलता,** यूनिट-LIG-01-B-Block-28, फ्लोर-1, श्री कृष्ण विहार प.ह.नं.-2, स.क्र., खसरा नं. 268/149, 269/175; प.ह.नं. 28; ग्राम- सिंघौरी, बेमेतरा छत्तीसगढ़ 491335. | ₹ 9,77,842/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली आवासीय इकाई जिसका क्षेत्रफल 380 वर्गफीट है, यूनिट-LIG-01-बी-ब्लॉक-28, फ्लोर-1, "श्री कृष्णा डेवलपर्स" श्री कृष्ण विहार (फेज II), बाबा रामदेव वार्ड, खसरा नं. 268/149, 269/175; प.ह.नं. 28; ग्राम-सिंघौरी, बेमेतरा, छत्तीसगढ़, **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर-रोड, दक्षिण-यूनिट एलआईजी-02 बी, पूर्व-यूनिट सं. 15 बी, पश्चिम-रोड। |
| 6. | **श्रीमती मूलचंदानी निशा,** मकान खसरा क्रमांक 18/306, खसरा सं. 18/306, प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, रायपुर छ.ग. 492001. **श्रीमती मूलचंदानी निशा,** मकान 1208, वार्ड नंबर 44, हिमाचल आईसक्रीम, महादेव मंदिर के पास, तेलीबांधा रविग्राम, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001. **श्रीमती मूलचंदानी निशा,** खुश कलेक्शन, गली नंबर 3 के पीछे, तेलीबांधा, रायपुर - 492001. **श्री छाबडा अमर लाल,** मकान नंबर, सिंधी कॉलोनी, बेलादुला रोड, वार्ड नंबर 26, रायगढ़, छ.ग., 496001. **श्री छाबडा अमर लाल,** मकान खसरा क्रमांक 18/306, खसरा सं. 18/306, प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, रायपुर छ.ग. 492001. **श्री छाबडा अमर लाल,** गणेश ट्रेडर्स, रायगढ़, छत्तीसगढ़, 496001. **श्रीमती छाबड़ा सावित्री,** मकान नंबर, सिंधी कॉलोनी, बेलादुला रोड, वार्ड नंबर 26, रायगढ़, छ.ग., 496001 **श्रीमती छाबड़ा सावित्री,** मकान खसरा क्रमांक 18/306, खसरा सं. 18/306, प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, रायपुर छ.ग. 492001. | ₹31,27,207/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग परिवर्तित आवासीय मकान जिसका क्षेत्रफल-1080 वर्गफीट, भूतल-बिल्टअप एरिया- 950 वर्ग फीट, प्रथम तल-बिल्टअप एरिया-720 वर्गफीट मकान खसरा नंबर 18/306, प.ह.नंबर 00069, मौजा अमलीडीह, वार्ड नंबर 52 राजेंद्र प्रसाद वार्ड आरआईसी-रायपुर 2, रायपुर छत्तीसगढ़ **चौहद्दीः**- (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर-रेखा तेजवानी का घर, दक्षिण-श्री संजीव कुमार का घर, पूर्व- जगनू वेल्लू का घर, पश्चिम- रोड. |
| 7. | **श्री सोंगेन सतीश कुमार,** फ्लैट-202, फ्लोर-1, प्रिंसेस पार्क, स.क्र., खसरा नं. 101/4, 101/24, प.ह.नं. 36/24, ग्राम-कौरिनभाटा, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड क्रमांक 19, राजनांदगांव छ.ग. 491441. **श्री सोंगेन सतीश कुमार,** बसेरा प्लॉट नंबर 2, स्ट्रीट 1, मैत्रीकुंज, रिसाली जिला दुर्ग, छ.ग., 490006. **श्री सोंगेन सतीश कुमार,** एबिस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़, द्वारा-आई.बी. ग्रुप, इंदामारा, डीपीएस स्कूल के पीछे, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441. **श्रीमती सोंगेन स्मिता,** बसेरा प्लॉट नंबर 2, स्ट्रीट 1, मैत्रीकुंज, रिसाली, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490006. **श्रीमती सोंगेन स्मिता,** फ्लैट-202, फ्लोर-1, प्रिंसेस पार्क, स.क्र., खसरा नं. 101/4, 101/24, प.ह.नं. 36/24, ग्राम-कौरिनभाटा, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड क्रमांक 19, राजनांदगांव छ.ग. 491441. | ₹ 8,78,970/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग फ्लैट, जिसका क्षेत्रफल -68.25 वर्गमीटर है, फ्लैट-202, मंजिल-1 'प्रिंसेस पार्क', स.क्र., खसरा नं. 101/4, 101/24 प.ह.नं. 36/24, रामकृष्ण सहदेव नगर, वार्ड नं. 19, ग्राम-कौरिनभाठा, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- खुला मार्ग और फ्लैट नं. 203, दक्षिण- खुली भूमि, पूर्व- फ्लैट नं. 201, पश्चिम- खुली भूमि। |
| 8. | **श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** प्लॉट-नंबर-04, यूनिट-ब्लॉक-14, जवाहर नगर हाउसिंग योजना भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023. **श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** 103 बी विंग, ब्लू एलिगेंस, सुंदर नगर, मलाड-मुंबई, पश्चिम-महाराष्ट्र,400064. **श्रीमती श्रीवास्तव वनिता,** JSW Foundation, पेडर रोड, 5 ए, जिनादल मेंशन, डॉ. जी. देशमुख मार्ग, पेडर रोड, डॉ. गोपालराव, देशमुख मार्ग, मुंबई महाराष्ट्र-400026. **श्रीमती श्रीवास्तव आशा,** 509, इस्कॉन वाटिका, राजनांदगांव - छत्तीसगढ़, 491441. **श्रीमती श्रीवास्तव आशा,** प्लॉट-नं.-04, यूनिट-ब्लॉक-14, जवाहर नगर आवासीय योजना भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023. **श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** 00 इस्कॉन 2, पनेका, डोंगरगांव रोड, पनेका - राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, 491441. **श्री श्रीवास्तव प्रशांत,** प्लॉट-नंबर-04, यूनिट-ब्लॉक-14, जवाहर नगर हाउसिंग योजना भिलाई, नगर निगम भिलाई, दुर्ग, छ.ग. 490023. | ₹35,86,677/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त फ्रीहोल्ड आवासीय मकान, जिसका क्षेत्रफल-135 वर्गमीटर, प्लॉट-सं.-04, यूनिट-ब्लॉक-14, जवाहर नगर आवास योजना, भिलाई नगर निगम, राम नगर, तहसील और जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, **चौहद्दीः**- (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर-प्लॉट सं. 8 और प्लॉट सं. 9 का भाग, दक्षिण-प्लॉट सं. 03, पूर्व-प्लॉट सं. 11, पश्चिम- रोड। |
| 9. | **श्री साहू विश्वेश्वर,** यूनिट-39, वॉलफोर्ट पार्कव्यू, स.क्र., खसरा नं. 43/6-7, 43/9, 45/1, 2, 4, 5, 67/1, 2, 4-14, 16, 69/1-5, 70/1-2 71/2, 72/1, 3, 5, 73/3-4, प.ह.नं. 27, दतरेंगा रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. **श्री साहू विश्वेश्वर** पिता रामनाथ साहू, 41/362, शिव मंदिर के पास, सुदामा नगर, टिकरापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. **श्री साहू विश्वेश्वर,** मेसर्स. अग्रसर इंस्टीट्यूट, प्रथम तल, दुकान नंबर 0508, साहू कॉम्प्लेक्स, गोंडवाना भवन रोड, टिकरापारा, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. **श्रीमती साहू द्रोपती,** पति विशेश्वर साहू, 41/362, सुदामा नगर वार्ड-55, सिद्ध विनायक स्टोर के पास, टिकरापारा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001. **श्रीमती साहू द्रोपती,** यूनिट-39, वॉलफोर्ट पार्कव्यू, स.क्र., खसरा नं. 43/6-7, 43/9, 45/1, 2, 4, 5, 67/1, 2, 4-14, 16, 69/1-5, 70/1-2 71/2, 72/1, 3, 5, 73/3-4, प.ह.नं. 27, दतरेंगा रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. | ₹ 8,78,970/- as on 31-मई-25 | 24 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 1462 वर्गफीट है, प्लॉट नंबर-39, खसरा नंबर 92/5 का हिस्सा, वॉलफोर्ट पार्कव्यू ग्राम-दतरेंगा, प.ह.नं.-84, आरआईसी-रायपुर 1, तह. और जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- प्लॉट नंबर 40, दक्षिण-प्लॉट नंबर 38, पूर्व- खुला क्षेत्र, पश्चिम-रोड. |
| 10. | **श्रीमती आदित्य नीरा** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी वारिस) आदित्य कोशल कुमार की पत्नी (मृतक पश्चात) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात) नियुक्तिकर्ता, प्लॉट 260/1, शीट नंबर 31, वार्ड नंबर-16, बैकुंठपुर, कोटरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्रीमती आदित्य नीरा** (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी वारिस) श्री आदित्य कोशल कुमार की पत्नी (मृतक पश्चात) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात) नियुक्तिकर्ता, मकान नंबर। 14/294, कोतरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्री आदित्य कोशल कुमार** पिता श्री आदित्य श्रीकांत (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी) (मृतक पश्चात) श्री आदित्य कोशल कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्), वार्ड नंबर 14, 183 कोतरा रोड, रायगढ़, रायगढ़-छ.ग. - 496001. **श्री आदित्य कोशल कुमार** पिता श्री आदित्य श्रीकांत (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी) (मृतक पश्चात) श्री आदित्य कोशल कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्), संजय इंजीनियरिंग कंपनी, भगवानपुर, खरसिया रोड, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **श्री आदित्य कोशल कुमार** पिता श्री आदित्य श्रीकांत (सह-उधारकर्ता और साथ ही कानूनी उत्तराधिकारी) (मृतक पश्चात) श्री आदित्य कोशल कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्), प्लॉट 260/1, शीट नंबर 31, वार्ड नंबर -16, बैकुंठपुर, कोतरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग. 496001. **श्री शेखर श्रीकांत** पिता श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री आदित्य कोशल कुमार के उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्), प्लॉट 260/1, शीट नंबर 31, वार्ड नंबर -16, बैकुंठपुर, कोतरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.-496001. **श्री शेखर श्रीकांत** पिता श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात्) नियुक्तिकर्ता, हाऊस नं. 14/294, कोटरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **सुश्री बाल कुमारी** पिता श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री श्री आदित्य कोशल कुमार(मृतक पश्चात्) नियुक्तिकर्ता, हाऊस नं. 14/294, कोटरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **कुमारी बाल कुमारी** पिता श्री आदित्य कोशल कुमार (मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री आदित्य कोशल कुमार के उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्), प्लॉट 260/1, शीट नंबर 31, वार्ड नंबर -16, बैकुंठपुर, कोतरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.- 496001. **कुमारी गोमती कुमारी** पिता श्री आदित्य कोशल कुमार की बेटी (मृतक पश्चात्) श्री आदित्य कोशल कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी (मृतक पश्चात्) प्लॉट 260/1, शीट नंबर 31, वार्ड नंबर -16, बैकुंठपुर, कोतरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छ.ग.-496001. **श्री आदित्य कोशल कुमार** पिता कुमारी गोमती कुमारी (मृतक पश्चात्) श्री आदित्य कोशल कुमार(मृतक पश्चात्) कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता, मकान संख्या 14/294, कोटरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, रायगढ़-छत्तीसगढ़ - 496001. | ₹16,55,869/- as on 31-अक्टू.-24 | 19 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त आवासीय मकान, जिसका क्षेत्रफल 702 वर्गफीट (65.241 वर्ग मीटर) है, प्लॉट संख्या 260/1, नजूल शीट संख्या 31, वार्ड संख्या 16, बैकुंठपुर कोटरा रोड, सीटी अस्पताल के पास, तह. और जिला- रायगढ़ छ.ग. **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- कृष्णा बाई का मकान, दक्षिण- कोटरा रोड, पूर्व- गली, पश्चिम- मिथलेश का मकान है। |
| 11. | **श्रीमती रजनी साओ** पति श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता फ्लैट-पी-302, फ्लोर-3, दीनदयाल आवास योजना खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001. **श्रीमती रजनी साओ** पति श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता हाउस नंबर 78 स्ट्रीट 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्रीमती रजनी साओ** पति श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री **श्री साओ राजेंद्र कुमार** (मृतक पश्चात्) 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादम्बरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री साव राजेंद्र कुमार** पिता श्री ऐश्वर्या साव (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उत्तराधिकारी, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) फ्लैट-पी-302, मंजिल-3, दीनदयाल आवास योजना, खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री ऐश्वर्या साओ** पिता श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता हाउस नंबर 78 स्ट्रीट 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री ऐश्वर्या साओ** पिता श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता, 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री अनमोल साओ** पिता श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता फ्लैट-पी-302, फ्लोर-3, दीनदयाल आवास योजना, खमरिया, भिलाई, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री अनमोल साओ** पिता श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता हाउस नंबर 78 स्ट्रीट 3, शिक्षक नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001. **श्री अनमोल साओ** पिता श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साओ राजेंद्र कुमार (मृतक पश्चात्) उत्तराधिकारी और नियुक्तिकर्ता 2223, दुर्गा मंदिर के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001. | ₹ 9,45,254/- as on 31-मई-25 | 23 जून-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय फ्लैट, जिसका क्षेत्रफल 54.83 वर्गमीटर है, फ्लैट क्रमांक LIG-P-302, मंजिल-3, खसरा क्रमांक 252, ग्राम-दीनदयाल आवास योजना, खमरिया, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड (संभाग-दुर्ग), नगर निगम, भिलाई, जुनवानी, वार्ड क्रमांक 01, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ में स्थित है, **चौहद्दीः**- (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर- सेवा क्षेत्र, दक्षिण-ब्लॉक P-LIG-301, पूर्व-ब्लॉक P LIG-303, पश्चिम-रोड. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : संपूर्ण छ.ग. कृते / प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 04.07.2025 पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020 एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
ASA


### वन अधिकार अधिनियम को कमजोर करने पर जताई गहरी चिंता

# 150 नागरिक संगठनों ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



देश के 150 से अधिक नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर वन अधिकार अधिनियम, 2006 को कथित रूप से योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की भूमिका पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस पत्र में पांच प्रमुख मुद्दों को रेखांकित किया गया है, जो न केवल आदिवासी और वनवासी समुदायों के अधिकारों को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत की पारिस्थितिकीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। यह पत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पर्यावरण मामलों के विशेषज्ञ जयराम रमेश द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कर केंद्र सरकार से कई सवाल किये हैं।

### मंत्री यादव की आलोचना

पत्र में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के उन बयानों की आलोचना की गई है, जिनमें उन्होंने वन अधिकार अधिनियम, 2006 को देश के प्रमुख वन क्षेत्रों के क्षरण और नुकसान का कारण बताया। संगठनों का कहना है कि यह बयान तथ्यों पर आधारित नहीं है और आदिवासी समुदायों के खिलाफ भ्रामक प्रचार को बढ़ावा देता है। पर्यावरण मंत्रालय द्वारा वन अतिक्रमण को लेकर अपुष्ट और गलत आंकड़ों को बार-बार संसद और नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत करने की बात पत्र में कही गई है।

### उन छात्रसंघ कार्यालयों पर ताला जड़ें, जहां चुनाव नहीं

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल के जिन महाविद्यालयों और विवि में छात्र संघ चुनाव लंबित हैं वहां बन छात्र निकाय कार्यालय को बंद रखा जाए। अदालत ने छात्रसंघ कक्षों के अंदर सभी प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि इन कमरों का उपयोग आधिकारिक उद्देश्यों के लिए यदि अत्यंत आवश्यक हो, तो रजिस्ट्रार या संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति के बाद ही किया जा सकता है।

### बिरला ने शहरी स्थानीय निकायों से अपनी कार्यवाहियों में प्रश्न काल और शून्य काल को शामिल करने का आह्वान किया

# लोकतंत्र संवाद, धैर्य और गहन चर्चा से फलता-फूलता है : लोकसभा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद में बार-बार होने वाले व्यवधानों में काफी कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप कार्य उत्पादकता और सार्थक चर्चा में वृद्धि हुई है। मानेसर, गुरुग्राम में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि लोक सभा में सत्र देर रात तक चलते हैं और लंबे समय तक वाद-विवाद होता है, जो इस बात को दर्शाता है कि लोकतांत्रिक संस्कृति परिपक्व और जिम्मेदार हो रही है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए नियमित बैठकें करने , सुदृढ़ समिति प्रणालियां विकसित करने और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं को अपनाने का आह्वान किया।

### संसद की तरह, शहरी स्थानीय निकायों को भी व्यवधानों से बचना चाहिए

बिरला ने शहरी स्थानीय निकायों में प्रश्न काल और शून्य काल जैसी सुस्थापित लोकतांत्रिक प्रथाओं को शामिल करने के महत्व पर जोर देते हुए प्रतिनिधियों को बताया कि संसद में ऐसे प्रावधानों ने कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने और जनता के सरोकारों को व्यवस्थित रूप से मुखरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बात का उल्लेख करते हुए कि नगरपालिका की कम अवधि की, अनियमित या तदर्थ बैठकें स्थानीय शासन को कमजोर करती हैं। उन्होंने नियमित, संरचित सत्रों, स्थायी समितियों के गठन और व्यापक जन परामर्श का समर्थन किया। संसद की तरह, शहरी स्थानीय निकायों को भी व्यवधानों से बचना चाहिए।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

**क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018**

## गोल्ड लोन नीलामी सूचना

विशेष कर गिरवी कर्ता एवं सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित खाता में रखे गये सोने के आभूषण को सार्वजनिक नीलामी **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** द्वारा **दिनांक 11/07/2025** को **सुबह 11.00 बजे से** किया जायेगा। हम ऐसे डिफाल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किये जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है। गिरवीकर्ता को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक **10/07/2025** को या उससे पहले देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान कर अपने गिरवी आभूषण को मुक्त करा सकते हैं अन्यथा **11/07/2025** को शाखा में नीलाम किया जायेगा।

| क्र. | शाखा | ऋण की तिथि | ऋण नम्बर | ऋणी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जगदलपुर शाखा | 17.01.2024 | 327106540000139 | **आशा राम सेन**, तालपारा, ग्राम- उड़ियापाल, पोस्ट- बस्तर-494222. |
| 02 | जगदलपुर शाखा | 10.07.2024 | 327106540000204 | **चंद्रशेखर कश्यप पुत्र- कामलोचन कश्यप**, सड़क पारा, करंजी, बस्तर-494005. |
| 03 | जगदलपुर शाखा | 08.12.2023 | 327106540000125 | **चावश्वरी कश्यप**, तालपारा, ग्राम- उड़ियापाल, पोस्ट- कोरता, बस्तर, बकवंद, बस्तर 494222. |
| 06 | जगदलपुर शाखा | 02.01.2024 | 327106540000131 327106540000130 | **जयंत कुमार बिशाई**, आगर नार पुलिस लाईन, निर्मल विद्यालय के पास, जगदलपुर, जिला- बस्तर, जगदलपुर, राज्य- छत्तीसगढ़ |
| 05 | गरियाबंद शाखा | 07.12.2023 | 712406630000042 | **हरि शंकर**, ग्राम- पाथरमोहदा, तहसील व जिला- गरियाबंद- 493889 |
| 04 | भिलाई शाखा | 12.12.2023 | 184316540000056 | **डॉ. अरूण कुमार**, फ्लैट नं. 403, शुभकामना अपार्टमेंट, फेस-2, आशीष नगर, पश्चिम रिसाली, भिलाई, सिविक सेंटर-490006. |
| 07 | भिलाई शाखा | 13.12.2023 | 184316540000057 | **पी. नीलिमा राव**, ऑर्चिड 14, चौहान ग्रीन वेली, भिलाई-490020 |
| 08 | बिरझापुर शाखा | 13.07.2023 | 275916540000023 | **रामहला**, खपरी, बरहापुर, दुर्ग छ.ग.-491331. |
| 09 | देवपुरी शाखा | 17.01.2024 | 427306540000052 | **संजय साहू**, मकान नं. 14, धमतरी रोड, साहू मोहल्ला, गांधी देवपुरी, जिला- रायपुर-492015. |
| 10 | साद विधान शाखा हेड | 08.11.2023 02.12.2023 | 179716540000109 179716540000121 | **अनिल चावला**, मकान नं. 37, महावीर नगर, बसंत विहार, पुरेना, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) 492006 |

**नोटः** बकाया राशि में गोल्ड लोन के साथ-साथ किसी अन्य ऋण/क्रेडिट सुविधा के तहत पार्टी की सभी देनदारियां शामिल होनी चाहिए। इच्छुक बोलीकर्ता अधिक जानकारी हेतु **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- जगदलपुर, गरियाबंद, भिलाई, बिरझापुर, देवपुरी** एवं **साद विधान शाखा हेड** के **प्राधिकृत अधिकारी** से संपर्क करें।

दिनांकः 03.07.2025 प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक


### गैंगरेप के मुख्य आरोपी ने उगला सच

## छात्रा को दी थी वीडियो वायरल की धमकी थाने पर थी नजर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



लॉ कॉलेज में विधि छात्रा से दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा ने बड़ा सच उजागर किया है। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हमने छात्रा को दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। हमें लगा कि छात्रा इस डर से पुलिस के पास नहीं जाएगी। इसके बाद मैंने कुछ दोस्तों से कॉलेज के पास बने पुलिस स्टेशन पर नजर रखने के लिए कहा था। 24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसने अपने पिता से इस भयावह अपराध के बाद उसे कॉलेज से ले जाने के लिए कहा था।

चिंतन

# किसान आत्महत्या रोकने की हो ईमानदार पहल

किसानों की दशा सुधारने पर खास ध्यान देने की जरूरत है। महाराष्ट्र सरकार ने माना है कि चालू वर्ष में जनवरी से मार्च के बीच तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या की है। देश में सबसे अधिक किसान आत्महत्या वाले राज्यों में महाराष्ट्र शुमार है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार अपने स्तर पर किसानों व कृषि के लिए अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिनमें वार्षिक छह हजार रुपये किसान सम्मान निधि से लेकर उर्वरक सब्सिडी तक शामिल हैं। कृषि उपज की बिक्री के लिए भी पर्याप्त उपाय किए गए हैं। सरकार ने किसानों को कृषि के लिए सस्ते कर्ज उपलब्ध करवाए हैं। इसके बावजूद अगर किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं, तो निश्चित ही सरकार को किसानों के हित की सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। या तो योजनाओं के लाभ किसानों तक पहुंच नहीं रहे हैं या या फिर योजनाएं किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए नाकाफी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने जब इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान से किसान आत्महत्या के कारणों का अध्ययन करवाया था तो, वजह के रूप में कर्ज, महंगी ब्याज दर, कम आय, फसलों की बर्बादी, पारिवारिक मुद्दे, आय के दूसरे स्त्रोत की कमी, आय के लिए वैल्यू एडिशन अवसरों की कमी आदि सामने आए थे। महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या को लेकर बेशक विपक्ष के नेता राहुल गांधी सरकार पर निशाना साधने के लिए राजनीति करें, लेकिन आंकड़े गवाह हैं कि महाराष्ट्र में कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकारों के समय भी किसानों की आत्महत्या का सिलसिला कभी थमा नहीं। कांग्रेस शासन में महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र किसान आत्महत्या का मुख्य केंद्र रहा। भाजपा भी कभी शिवसेना के साथ, तो अब दूसरे दलों के साथ शासन में है, किसान आत्महत्या की समस्या बनी हुई है। महाराष्ट्र में किसी की भी सरकार रही हो, किसानों की आत्महत्या रोकने में सफलता किसी को नहीं मिली। महाराष्ट्र में करीब 70 हजार करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले की जांच अब तक पूरी नहीं की गई है। राजनीतिक ठीकरा फोड़ने भर से समस्या का समाधान नहीं होगा, किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। कृषि व सिंचाई योजनाओं में गहरे तक व्याप्त भ्रष्टाचार के दोषियों को भी न्याय के कटघरे तक लाना होगा। महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस खुद विदर्भ से आते हैं, उन्हें इस क्षेत्र की किसान समस्याओं के बारे में जानकारी है, ऐसे में वे किसान आत्महत्या रोकने की दिशा में बेहतर काम कर सकते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में 1995 से 2014 के बीच 296,438 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2014 से 2022 के बीच नौ वर्षों में यह संख्या 100,474 थी। एनसीआरबी के मुताबिक, 2022 में किसान आत्महत्या की सबसे अधिक घटना वाले राज्य महाराष्ट्र (4,248), कर्नाटक (2,392), आंध्र प्रदेश (917), तमिलनाडु (728) और मध्य प्रदेश (641) थे। महाराष्ट्र में वर्ष 2023 में 2851 तो वर्ष 2024 में 2651 किसानों ने आत्महत्या की। आखिर कृषि योजनाएं किसान आत्महत्या रोकने में क्यों सफल नहीं हो पा रही हैं? बजट के स्तर पर सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार तवज्जो दी है, इसके बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं, तो नीति परिवर्तन से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन तक सभी बिंदुओं पर ईमानदारी से विचार करने की जरूरत है। सस्ते व आसान कर्ज, डीबीटी स्कीम्स व एमएसपी से आगे सोचने की आवश्यकता है। कृषि व सिंचाई क्षेत्र के घोटाले भी किसानों की दशा सुधारने में बाधक हैं।

पुण्यतिथि
अरविंद जयतिलक



# भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण किया। स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जिस समय भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान की ऊर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। उनकी दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे। उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे। 1893 में शिकागो में धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आर्फ रिलीजन) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मेरी यह धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढूंढ़ने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं हैं? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते?' उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि 'गरीब मेरे मित्र हैं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो कि देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया।' स्वामी जी ने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के संन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। संन्यासियों ने तर्क दिया कि हम सन्यासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि 'आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो' लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव। अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है। एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतध्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है। स्वामी जी आम आदमी के उत्थान के लिए धन का समान वितरण आवश्यक मानते थे। वे इस बात के विरुद्ध थे कि धन कुछ लोगों के हाथों में केंद्रीत हो। स्वामी जी अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों के शोषण से चिंतित थे और भारत की दुर्दशा का इसे एक बड़ा कारण मानते थे। वे देश की तरक्की के लिए कृषि और उद्योग का विकास चाहते थे। वे अक्सर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जूझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए। स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने कहा है कि 'भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीर रूप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।'

(लेखक प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# दिल्ली : झुग्गियों में उलझा पक्ष-विपक्ष



सियासत
योगेश कुमार सोनी

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा। इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा। दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है।

हाल ही में दिल्ली में झुग्गियों को लेकर सियासत गरमाई हुई है। जहां विपक्ष इस बात लेकर सरकार को घेर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार अपना पक्ष रखकर जनता को समझाने में लगी हुई है। बीते रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर बैक किया व आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान।' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान।' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा।

इस पर पलटवार करते हुए बीजेपी का कहना है कि केवल अवैध झुग्गियों पर ही कार्रवाई हो रही है। जिन लोगों ने रेलवे लाइन से बिल्कुल सटाकर व ऐसी जगह जहां उनकी जान को खतरा है, वहां निर्माण किया हुआ है, केवल उन झुग्गियों पर ही डेमोलेशन होगा, वो भी कोर्ट के आदेश के अनुसार। इस मामले को लेकर दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने कहा है कि सरकार किसी भी गरीब का आवास नहीं उजाड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे गरीब व्यक्ति का कल्याण करना भाजपा का लक्ष्य है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा का देश-समाज के परिवर्तन का मार्ग है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। पूर्ववर्ती सरकार ने इन मकानों पर 'मुख्यमंत्री' नहीं लिखा होने के कारण इन्हें गरीबों को नहीं सौंपा था। इस कारण वर्षों से यह मकान खाली पड़े थे और गरीबों को घर का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सूद ने कहा कि आवास उन्हीं गरीबों को दिए जाएंगे जिनके पास अपने छत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सच यह है कि मदरासी कैंप को अर्बन फ्लडिंग परियोजना के तहत खाली कराया गया, और सरकार ने वहां के निवासियों को पुनर्वास प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि उनके आवासों को तोड़ा नहीं गया है। कुल 370 में से 215 परिवार पात्र पाए गए, और उन्हें सम्मानपूर्वक पुनर्वासित किया गया है। लेकिन अब सवाल यही है कि क्या पक्ष-विपक्ष केवल झुग्गियों में उलझ कर अपनी राजनीति करेंगे या अन्य योजनाओं पर बात व काम भी होगा। जैसे कि केजरीवाल सरकार की मोहल्ला क्लीनिक योजना अब आगे नही बढ़ रही। बीजेपी ने मोहल्ला क्लीनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा लेकिन अब तक वह कहीं भी शुरू होते नहीं दिखी, हालांकि बीते लगभग 2 वर्षों से अधिकतर मोहल्ला क्लिनिक बेहाल अवस्था में ही थे, जिसको लेकर दिल्ली की जनता बहुत नाराज थी। बीजेपी ने इसमें परिवर्तन करके आगे संचालित करने की बात कही थी और इस पर शुरुआत से काम करने को लेकर कहा गया था लेकिन यह विफल होती दिख रही है। इसके भी तमाम अहम




कारण व महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जिस पर काम होना था लेकिन अभी सब शून्य है।

राजधानी दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने लगभग पांच महीने हो चुके हैं और सरकार का हनीमून पीरियड भी खत्म हो गया है। अब सरकार को अपने वादों के अनुसार काम करना चाहिए चूंकि दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीजेपी को ढाई दशक से भी अधिक समय बाद अपनी सत्ता काबिज करने का मौका मिला है। बीजेपी के अनुसार 2500 रुपये हर महीने मिलने वाली योजना उन महिलाओं के लिए है जिनको सालाना 3 लाख से कम सैलरी मिलती है और वो टैक्स स्लैब में नहीं आती हैं। ऐसी महिलाएं जो सरकारी नौकरी नहीं करती और उनकी उम्र 18 से 60 साल के बीच है। जिन महिलाओं को सरकार से कोई भी वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। इसके अलावा जिनके 3 या उससे अधिक बच्चे हैं, उनको हर महीने 2500 रुपये वाली योजना का फायदा नहीं होगा। इस पर भाजपा सरकार ने कड़े नियम लाने की बात भी कही थी। हालांकि इस योजना को लेकर बीजेपी ने 5100 करोड़ रुपये का बजट पारित किया भी किया हुआ है। इसको लेकर विपक्ष ने तंज मारते हुए कहा कि एक तरफ संघ के कुछ नेता मुसलमानों की तर्ज पर हिंदुओं को दस बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करते हैं तो यह योजना किसी के काम नहीं आने वाली। ज्ञात हो कि बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई लेकिन उसके बाद कुछ खास काम होता नहीं दिखाई दिया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। यादव ने इस बीजेपी सरकार की नाकामी बताई। बहरहाल समय के रहते बीजेपी को धरातल पर काम करना होगा। चूंकि एक लंबे अरसे बाद सत्ता में वापसी हुई है तो इस बात का ख्याल रखना होगा कि 'सबका साथ सबका विकास' वाली तर्ज पर काम हो। गुणवत्ता व भरोसे के आधार पर जनता ने वोट दिया है तो उसके विश्वास को बनाए रखने के लिए योजनाओं व विकास पर काम होना चाहिए। अब सावन का मौसम आने को है। इस मौसम में दिल्ली में जल भराव से पूरा शहर ठप पड़ जाता है और मानव जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त सा होने लगता है। इसको लेकर अभी तक कोई रणनीति नहीं दिख रही, वहीं अभी भी कई इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर परेशानी जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा तो सबसे बड़ी चुनौती सर्दियां आते ही शुरू होगी, जिससे दिल्ली की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ेगा और वो है प्रदूषण। चूंकि जैसे ही दिल्ली में सर्दियां शुरू होती हैं, वैसे ही प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि लोगों का जीना मुहाल होता जाता है। दिल्ली में कंस्ट्रक्शन बंद,डीजल वाहन बंद व इसके अलावा कई गतिविधियों पर रोक सी लग जाती है जिससे कई करोड़ों का नुकसान होता है व लोगों की सेहत भी प्रभावित होती है। इसलिए बीजेपी के सामने कांटे भरी राह है तो वह समय के साथ अपने आपको अपडेट व अपग्रेड कर ले जिससे जनता विश्वास व साथ बना रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन में अधिक प्रदूषण निरर्थक प्रवृत्तियों से है



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति अपनी सारी प्रवृतियों का सूक्ष्म निरीक्षण करे तो उसे यह समझ में आएगा कि उसकी प्रवृतियों में निरर्थक प्रवृतियों का जमघट सबसे अधिक है। अनावश्यक बोलना, अनावश्यक कार्य करना, व्यर्थ समय खोना, अनावश्यक विषयों में सोचते रहना। मनोरंजन के नाम पर अनावश्यक अश्लील हंसी मजाक करना, हानिकारक और व्यर्थ की प्रथाओं परिपाटियों का पालन करना, तास पत्ती और अंकों के खेल खेलकर धन नष्ट करना आदि अनेक ऐसी प्रवृतियां है जो न केवल निरर्थक है अपितु अनेक आपदाओं को भी जन्म दे देती है। ऐसी प्रवृतियां लोक जीवन में घर किए हुए हैं। लाखों करोड़ों व्यक्ति आंख मूंद कर ऐसे अनावश्यक कार्यों में अपना तन मन और धन नष्ट कर रहे हैं। अनेक संघर्ष और तनाव जो मानव जीवन में व्याप्त है। उनमें से अधिकांश तो ऐसी निरर्थक बातों के कारण ही है। व्यक्ति अपने तनाव और चिन्ता से मुक्त होने के अनेक उपाय करता है। किन्तु अन्य कोई उपाय करने के पहले उसे अपने जीवन से उन निरर्थक कार्यों को अलविदा कहना चाहिए जो उसके जीवन में व्यर्थ ही डेरा डाले हुए है और उसके तन मन को प्रदुषित कर रहे हैं। यदि जीवन में प्रवृतियों का निरर्थक अंश समाप्त हो जाता है और जीवन में सार स्वरुप आवश्यक कार्य विधियां ही शेष रहती है तो व्यक्ति के अधिकांश तनाव प्रकरण तो ऐसे ही समाप्त हो जाएंगे। भगवान महावीर प्रभु ने मानव मात्र के लिए एक महत्व पूर्ण व्रत दिया है 'अनर्थ दणण्ड विरमणव्रत' इस व्रत का विधान है जीवन में निरर्थक प्रवृतियों का त्याग करना। - ***कांतिलाल मांडोत***

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### हिंदी हर नजर से सर्वश्रेष्ठ

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर जुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है। - ***विजय नायडू, भाटापारा***

## ट्रेंड

### भारत और घाना में संबंध



मुझे मिला 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' सम्मान हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, उनकी आकांक्षाओं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अमरनाथ यात्रा आरंभ



श्रद्धा, साधना और शिवभक्ति से ओत-प्रोत, सनातन परंपरा की जीवंत प्रतीक श्री अमरनाथ यात्रा आरंभ हो गई है। बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं के जीवन को मंगलमय बनाए।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### कलाकारों को पेंशन



बिहार राज्य के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन प्रदान के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को कैबिनेट से मंजूरी प्रदान कर राशि स्वीकृत कर दी गई है। वरिष्ठ व उत्कृष्ट कलाकारों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए की पेंशन राशि प्रदान की जाएगी।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### स्टेट टाइगर फोर्स



मप्र वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाने की उत्कृष्ट कार्रवाई की है, जिसके लिए इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने बधाई पत्र प्रेषित कर प्रशंसा की है। वन अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

## करंट अफेयर

### गुलामी से बेहतर है जेल की अंधेरी कोठरी: इमरान खान



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह गुलामी स्वीकार करने के बजाय जेल की अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करेंगे। खान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आशूरा के बाद वर्तमान शासन के खिलाफ विद्रोह करें। आशूरा, पैगंबर साहब के पोते इमाम हुसैन की शहादत के शोक में मोहर्रम का 10वां दिन है। इस साल यह दिन छह जुलाई को है। खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं पूरे देश, विशेषकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह करता हूं कि वे आशूरा के बाद इस अत्याचारी व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े हों। खान ने कहा, मैं गुलामी को स्वीकार करने के बजाय जेल की एक अंधेरी कोठरी में रहना पसंद करूंगा। खान कई मामलों में लगभग दो वर्षों से जेल में हैं।खान ने कहा कि उनकी आवाज़ को हर तरीके से दबाने की कोशिश की जा रही है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर टिप्पणी करते हुए खान ने कहा, जब कोई तानाशाह सत्ता में आता है, तो उसे लोगों के मतों की ज़रूरत नहीं होती वह क्रूर बल के ज़रिए शासन करता है।

## ऑफ बीट

### खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

## क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *

## नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

## वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



## नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका




**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *

## ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके



**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूट्सफोर्ड से बाऊडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

## ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *



ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।



**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।

**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।

कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब:** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक:** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद:** जसबीर कौर, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक** : साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160



1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर


**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद



कहानी
क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..।' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो।' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता-अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'

पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता
शादाब आलम




# बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते कहे चकोरी
ये लो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुझको केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा हिस्से में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!


## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।



## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



# 35 अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में चमका नाम...

मुंबई। बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम'लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं, जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है। खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है। साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं। दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है। दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा।



# रणबीर की 835 करोड़ी रामायण में पहली बार दिखा वो जो पहले नहीं हुआ

*नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को अब तक की सबसे बड़े स्केल पर तैयार होनेवाली बॉलीवुड फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म के लिए हॉलीवुड के टॉप स्टंट डायरेक्ट, ऑस्कर विनर के लीजेंड्स, दुनिया के बेस्ट टैलेंट को एक साथ जोड़ा गया है। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली ही झलक ने सोशल मीडिया और लोगों के दिलों में तूफान मचा दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई इवेंट का आगाज हो गया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को दुनिया भर में 2.5 अरब लोग पूजते हैं। अब नमित मल्होत्रा की 'रामायण' को दो पार्ट में तैयार किया गया है, जिसे लाइव-एक्शन सिनेमैटिक यूनिवर्स के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस फिल्म स्केल अब तक के सबसे बड़े हॉलीवुड टेंटपोल जैसी है। इस फिल्म में हॉलीवुड और भारत के नामचीन कास्ट और टेक्निशियन पहली बार इतनी बड़ी पार्टनरशिप में एक साथ आ रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार हुई 'रामायण' को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और 8 बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डबल निगेटिव प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसमें यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस' का भी सहयोग है। फिल्म का बजट 835 करोड़ है और इसे खासतौर पर आईएमएएक्स जैसे बड़े फॉर्मेट के लिए शूट किया गया है। 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में दुनियाभर में रिलीज किया जानेवाला है।*

### राम- रावण की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा

'रामायणः द इंट्रोडक्शन' के ग्लोबल लॉन्च के साथ इस जबरदस्त यूनिवर्स की पहली झलक सबके सामने आ चुकी है। इसमें दो सबसे बड़े पौराणिक किरदारों 'राम और रावण' की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा है। इस लॉन्च को वाकई ग्लोबल बना दिया गया है, जहां इसकी भारत के नौ बड़े शहरों में एक साथ फैन स्क्रीनिंग्स हुईं है, वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड टेकओवर ने माहौल बना दिया।



### ऐसी ताकत, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई

ये कहानी उस दौर की है जब समय का कोई नाम-ओ-निशान नहीं था। ब्रह्मांड का संतुलन तीन शक्तियों के हाथ में था ब्रह्मा (जो रचते हैं), विष्णु (जो संभालते हैं) और शिव (जो खत्म करते हैं)। इन तीनों की वजह से देवता, ऋषि, इंसान और राक्षस सब शांति से रहते थे। लेकिन इसी संतुलन की राख से एक ऐसी ताकत उठती है, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई।

### भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही

*इस मेगा प्रोजेक्ट को विजनरी प्रोड्यूसर और फिल्ममेकर नमित मल्होत्रा ने लीड किया है, और सुपरस्टार यश इसके को-प्रोड्यूसर हैं। नितेश तिवारी ने 'रामायण' में वीएफएक्स पर खास जोर दिया है। इस बड़े काम के लिए 7 बार ऑस्कर जीत चुकी उनकी कंपनी डबल निगेटिव को चुना गया है। मजेदार ये है कि नमित मल्होत्रा की इसी कंपनी ने'ड्यून, इंटरस्टेलर और यहां तक कि ब्रह्मास्त्रः पार्ट-1 शिवा का भी वीएफएक्स डिजाइन किया है। इसमें ऑस्कर विजेता टेक्नीशियनों, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स और भारत के सबसे बड़े एक्टर्स की टीम एक साथ आई है, ताकि भारतीय संस्कृति में रची-बसी इस गाथा को एक नए जमाने की सिनेमैटिक यूनिवर्स में बदला जा सके, जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही है।*

### जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण

एक ऐसा राक्षस बालक जन्म लेता है, जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण। सबसे डरावना और अजेय राजा, जिसकी दहाड़ से आसमान कांप उठता है। उसका मकसद साफ है, उस विष्णु को खत्म करना, जो हमेशा उसकी जाति के खिलाफ खड़े हुए। इसे रोकने के लिए विष्णु खुद धरती पर आते हैं, लेकिन अपनी सबसे कमजोर रूप में यानी एक इंसानी राजकुमार के रूप में, जिसका नाम राम है। यहीं से शुरू होती है राम बनाम रावण, इंसान बनाम अमर, उजाला बनाम अंधेरा की वो लड़ाई जो कभी खत्म नहीं होती। ये है रामायण, एक ऐसी कहानी जो ब्रह्मांड की लड़ाई, किस्मत की ताकत और अच्छाई की जीत को दिखाती है। एक ऐसी गाथा जो आज भी करोड़ों लोगों के मन और सोच को दिशा देती है।

# 40 साल से ज्यादा उम्र के बाद भी इन हीरोइनों ने अब तक नहीं बसाया घर

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमरस हीरोइनों की भरमार है। कुछ ने शादी करके घर बसा लिया, तो कुछ अब तक कुंवारी हैं। आज हम आपको ऐसी ही 7 एक्ट्रेसेस के बारे में बताते हैं, जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, लेकिन अब उन्होंने शादी नहीं की है। फिर भी ये खूबसूरती में नई हीरोइनों को भी कांटे की टक्कर देने का काम करती हैं।*



**तब्बू :** तब्बू बॉलीवुड की शानदार हीरोइनों में से एक हैं। वह मकबूल, हैदर और अंधाधुन जैसी फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं। फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखना बेहद पसंद करते हैं। 53 साल की हो चुकीं तब्बू ने अब तक शादी नहीं की है।



**दिव्या दत्ता :** दिव्या दत्ता ने साल 1994 में फिल्म 'इश्क में जीना इश्क में मरना' से डेब्यू किया था। उन्होंने वीर जारा, वेलकम टू सज्जनपुर, दिल्ली-6, स्टेनली का डब्बा, हीरोइन, बदलापुर' और भाग मिल्खा भाग जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। 47 साल की उम्र में भी दिव्या दत्ता कुंवारी हैं।



**तनिशा मुखर्जी :** तनिशा मुखर्जी ने साल 2003 में फिल्म Sssshhh... से अपना डेब्यू किया था और उन्हें पहली सफलता राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्मों सरकार और सरकार राज से मिली।तनिशा रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में भी नजर आ चुकी हैं। वह 47 साल की हैं और अब तक सिंगल हैं।



**अमीषा पटेल :** अमीषा पटेल ने 'कहो ना प्यार है' फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, जिसमें वह ऋतिक रोशन के अपोजिट नजर आईं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 50 साल की उम्र में भी अमीषा पटेल कुंवारी हैं। उन्होंने गदर और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है।

**सुष्मिता सेन :** सुष्मिता सेन 49 साल की हो चुकी हैं और आज भी अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों को जीत लेती हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। सुष्मिता सेन ने साल 2000 में रेने और साल 2010 में अलीसा को गोद लिया था। वह अपनी दोनों अडॉप्टेड बेटियों के साथ रहती हैं।

# कार्तिक और श्रीलीला ने साथ में किया डिनर

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने लव अफेयर को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार उनके साथ जुड़ा है साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला का नाम। बीते कुछ दिनों से दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है और हाल ही में दोनों को देर रात मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर फैंस ने इन्हें लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए। कार्तिक और श्रीलीला की ये लेट नाइट मुलाकात जैसे ही कैमरे में कैद हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स का सैलाब आ गया। वीडियो में दोनों को हंसते-मुस्कुराते और साथ वक्त बिताते देखा गया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, 'नई जोड़ी सुपरहिट लग रही है।'सूत्रों की मानें तो कार्तिक और श्रीलीला अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और दोनों स्टार्स इन दिनों फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप्स में साथ देखे जा रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर बातें होना लाजमी है। हाल ही में श्रीलीला के जन्मदिन पर कार्तिक ने एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें दोनों काफी क्यूट लग रहे थे।



# धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण

**मुंबई।** साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर गुरुवार को जारी हो गया है। हरि हर वीरमल्लु 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर में पवन के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है। 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। कंगुवा के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण , जो फिल्म में वीरमल्लु की भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में पवन कल्याण को वीरमल्लु के रोल में दिखाया गया है, जो एक विद्रोही योद्धा है, जिसे दिल्ली सल्तनत के खिलाफ सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए नियत किया गया है। वो मुगलों की ताकत को चुनौती देने का साहस करता है और औरंगजेब का मुकाबला करता है।



## टीआरपी लिस्ट में तारक मेहता का उल्टा चश्मा ने मारी बाजी



नई दिल्ली। सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस सीरियल में दिलीप जोशी, जेठालाल का लीड रोल निभाते हैं। जेठालाल गोकुल धाम सोसायटी में रहता है, वहां कई और लोग भी रहते हैं। इस सीरियल की सिंपल कॉमेडी दर्शकों को पसंद है। 25वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने बाजी मारी है। 2.3 की टीआरपी के साथ यह पहले नंबर है। दूसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'है, इसकी टीआरपी 2.1 है। रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा'टीआरपी लिस्ट में कई हफ्तों तक टॉप पर बना रहा है। मगर, इसी हफ्ते यह तीसरे नंबर पर आ गया है। 25वें हफ्ते में अनुपमा की टीआरपी 2.1 है। हाल ही में इस सीरियल में लीप आया है। लीड कैरेक्टर अनुपमा मुंबई पहुंच गई है, यहां वह अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत कर रही है।

## प्यार के अलग रंग दिखाती है मेट्रो इन दिनों



मुंबई। सारा अली खान की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों'एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें प्यार के अलग-अलग रंग दर्शकों तो देखने को मिलेंगे। जहां तक कहानी की बात है तो इसमें मेट्रो लाइफ के बीच पनपती कुछ लव स्टोरीज हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा और अली फजल जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'मेट्रो इन दिनों'शुक्रवार चार जुलाई को रिलीज होगी। शुक्रवार को एक्ट्रेस की यह फिल्म रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही है। प्रमोशन के दौरान ही एक्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें प्यार भरा मैसेज लिखा है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152


## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

### टीचर

**Wanted Teachers-** 2025- 26 to Jeevan Jyoti E.M.H.S. Arang, Interview we want Teachers form class I to Xth standard should bring your resume, original certificates and copies at 10:00 am. on Thursday, Friday and Saturday for an interview :- 03/07/25, 04/07/25, 05/07/25 Principal mobile - 9446508172. (RO-6821)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** टाटीबंध स्थित नर्सिंग होम में नर्सिंग स्टाफ (ANM, GNM),सैलरी 8000- 9000, योग्यतानुसार। एवं आया बाई की आवश्यकता है, रहने की सुविधा उपलब्ध। मो.9826077576, समय 1-2 PM (RO-0026)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें - 9343467254, 7470490884. (RO-6822)

### टेलीकॉलर/एक्जीक्यूटिव

**आवश्यकता है-** जॉब जॉब जॉब- कलेक्शन एजेंसी में काम करने हेतु महिला और पुरुष की आवश्यकता है। पद टेलीकॉलर (महिला) - 3 पद, फील्ड एक्जीक्यूटिव (पुरुष) - 15 से 20 पद सैलेरी 8000- 20000/- संपर्क - 8718965956 (RO-5035)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** बुक स्टाल एवं स्टेशनरी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। ग्रेजुएट, अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क - श्री रामचंद्र बुक स्टाल, राज टाकीज़ के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर(RO-205)

### दुकान कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के/ लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर 9893332145.(RO-372)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने के हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की आवश्यकता संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 9131139179. (RO-153)

### प्रचार कर्मी

**आवश्यकता है-** केनोपी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में प्रचार करने के लिए रु. 500 प्रति दिन में प्रतिदिन के हिसाब से प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। संपर्क - 8871285200.(RO-7222)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन एंव लडको की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29 - 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9425206658, 9977252503.(RO-7258)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु लड़के, सेल्समेन, सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क:- विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, मो. 9425522577, 9425522576.(RO-147)

### ड्रायवर/सुरक्षगार्ड

**शीघ्र आवश्यकता है-** बस चालक/ मैजिक चालक- 05 पद, सुरक्षागार्ड- 05 पद, आयामदर- 05 पद, (नोट- अनुभवी को प्राथमिकता तथा रहने के लिए आवास सुविधा उपलब्ध) संपर्क करें- मो. 7805015500, 7389358588, पता-01, सुन्दर नगर रायपुर(RO-0030)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### सेल्समैन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समेन काम कर सके एवं ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क करें नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490.(RO-6819)

### दुकान/गोडाऊन कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान/ गोडाउन में कार्य करने हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। योग्यता पांचवीं पास सैलरी- योग्यतानुसार। तुरंत संपर्क करें- रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नं.- 124, एस.के प्लाजा काम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (RO-1650)

### मैरिज पैलेस कार्य

**आवश्यकता है-** गोविन्द मैरिज पैलेस मै कार्य हेतु पद :- 1. मैनेजर, 2. क्लिनिक स्टाफ , 3. सिक्योरिटी गार्ड , 4. गर्ल्स ऑफिस वर्क ,गर्ल्स / बॉय की आवश्यकता है। इंटरव्यू - 9/7/25 पता : कुरुद रूंगटा कॉलेज रोड भिलाई-97558-86622, 93006-61769 (आरो न.-782)

### टेलीकालिंग/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है, सैलेरी 5,000+ कमीशन+ बोनस से कमाए 15 से 20,000 पता सुपेला भिलाई नियर महिंद्रा शोरूम श्री राम चौक संपर्क -72178-68971, 79991-74186 (आरो न.-783)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस क्लर्क

**शीघ्र आवश्यकता है-** ऑफिस क्लर्क - ऑफिस एवं कंप्यूटर कार्य मे निपूर्ण - स्नातक पास* भृत्य ( peon) महिला - 5वी पास इच्छुक संपर्क करें, स्थानीय को प्राथमिकता उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी - भिलाई - 74709-84997 (आरो न.-781)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423. (RO-38136)

### अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-1004)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क:- 9311830460. (RO-150)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**फाइनेंस-** जनधन योजना आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 9211540121. (RO-154)

**फाइनेंस-** सुंदरम फाइनेंस द्वारा पाएं घर बैठे लोन आसान किस्तों पर समूह लोन, बिजनेस लोन, आधार लोन, पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रॉपर्टी लोन 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट हेल्पलाइन- 8127684826, हेड ऑफिस - 9889062539 (RO-156)

**LOAN AVAILABLE-** Home loan, Personal loan, Pensions loan for Government employee in Banking working 07 day only, with all National Bank services. Contact:- Mr Nitin Savdekar Sr Auditor A/63/Karmchari Nagar, Sikola bhatta Durg Mob:- 94091-88678, 83194-50882 (आरो नं.-7188)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लाट बेंचना है-** रायपुर के प्राइम लोकेशन कालीबाड़ी चौक के पास हनुमान नगर में 1500 वर्ग फीट का आवासीय प्लाट बेचना है। केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें 8319455052 (RO-7224)




**प्लाट बेंचना है-** कव्हर्ड कैंपस मैं Tnc Approved डायवर्टेड प्लाट साइज 2320 Sqft कॉर्नर 3 साइड ओपन 60 फीट रोड में NH गोयल स्कूल के पीछे नरदहा रोड रायपुर रेट 1900/- Sqft में बेंचना है। संपर्क करें- 8109899394 (RO-6820)

### कृषि भूमि

**बेचना है-** कृषि भूमि अतिशीघ्र बेचना है ग्राम- रामपुर तहसील- दाढ़ी जिला- बेमेतरा (छ.ग.) में। सम्पर्क करें- 8817731165. (RO-bsp)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** 33x80 लगभग 2600 फिट कमर्शियल हॉल किराया से देना है रिंग रोड ब्रिज कुशालपुर चौक से लगा हुआ। पर्याप्त पार्किंग सुविधा संपर्क- 7223922385. (RO-414)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## जैकेट के शेष

### परमिट खत्म, लेकिन .....

सवाल ये भी है कि परिवहन विभाग की जांच चौकियां (नाके) और उड़न दस्तें क्यों इन वाहनों को बेजा तरीके से चलने से रोक नहीं पाए हैं।

**पांच साल में नवीनीकरण का है नियम** : मोटरयान अधिनियम की धारा 87 के अधीन जारी अस्थायी परमिट या धारा 88 की उपधारा (8) के अधीन जारी विशेष परमिट से भिन्न कोई परमिट उसके जारी होने या नवीनीकरण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगा। इसका मतलब ये है कि परमिट पांच वर्ष के लिए होगा, उसके बाद नवीनीकरण कराना होगा। नियम में साफ है कि परमिट की समाप्ति की तारीख से कम से कम पंद्रह दिन पूर्व आवेदन करने पर उसका नवीनीकरण किया जा सकेगा।

**सरकार को राजस्व की क्षति** : खास बात ये है कि परिवहन विभाग राज्य के लिए राजस्व जुटाने वाला एक अत्यंत महत्वूर्ण अमला है, लेकिन परमिट खत्म होने के बाद भी गाड़ियों के संचालन से विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है। हर नवीनीकरण के लिए उतनी ही राशि लगती है, जितनी परमिट जारी करने के लिए लगती है। इस हिसाब से राज्य शासन को इससे करोड़ो रुपयों की इस हिसाब से राज्य शासन को इससे करोड़ो रुपयों की क्षति का अनुमान है।

### ये है मामला.....

उल्लंघन करने के आरोप में नोटिस दिया गया है। यही नहीं विभाग ने सभी वाहनों के नंबर, मालिकों या ट्रांसपोर्ट के नाम के साथ एक नोटिस के साथ सूची भी जारी कर दी है।

### दुनिया के सबसे ....

बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा, 'प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।

**भारत में 2500 से ज्यादा राजनीतिक दल** : पीएम मोदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं है। यह हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। भारत में 2,500 से ज़्यादा राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों पर शासन करती हैं। 22 आधिकारिक भाषाएं हैं। हजारों बोलियां हैं। यही वजह है कि भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया गया है।

### घाना की विकास यात्रा ....

को ये टिप्पणियां कीं। मीडिया को दिए अपने बयान में मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है और भारत, घाना की विकास यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी है। दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक मोदी के पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी पहुंचने के कुछ घंटे बाद हुई।

### कभी किराये का ....

मेहमान भी जाने के लिए बस में बैठ गए थे, तभी रायपुर से ईडी की लगभग 12 लोगों की टीम वहां पहुंच गई।

### मनसे के कार्यकर्ताओं .....

इस पर दुकानदार ने कहा कि सिखा दो। इतना सुनना था कि मनसे के कार्यकर्ताओं ने दुकानदार पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। इस मामले में 7 लोगों को नामजद किया गया है। पर मनसे कार्यकर्ताओं का कहना है कि जो मराठी नहीं बोलेगा, उसका हम यही हश्र करेंगे। गौर हो कि महाराष्ट्र से मनसे का पूरा आधार खिसक चुका है। उसका कोई विधायक नहीं है। खुद राज ठाकरे का बेटा ही चुनाव हार गया था। इस घटना के विरोध में भयंदर का बाजार बंद रहा।

### पूर्व .सांसद के समर्थकों...

इसलिए किया क्योंकि वह मराठी में बातचीत नहीं कर पाया। दावा किया गया कि व्यापारियों को अब मराठी में ही बोलना पड़ेगा, वरना उन्हें सबक सिखाया जाएगा। इस तरह का भाषाई जबरदस्ती करना न सिर्फ संविधान के खिलाफ है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ने का काम करता है। कुछ दिन पहले ही एक महिला सब्जी विक्रेता और एक रेस्टोरेंट मालिक को भी मराठी नहीं बोल पाने के कारण पीटा गया था। अब इस नई घटना ने आग में घी डालने का काम किया है।

## पेज एक के शेष

### फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में...

होटल बुक किए गए है। 150 कमरों के बाद संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के रेस्ट हाउस एवं कई निजी होटलों को भी आरक्षित किया गया है ताकि बाहर से आने वाले किसी भी अतिथि को कोई दिक्कत ना हो।

**फेंदेलिंग कम्युनिटी हॉल के आसपास परिंदा भी नहीं भटकेगा** : तिब्बतियों के कैम्प नम्बर एक को इस प्रशिक्षण शिविर का पॉवर सेंटर बनाया जा रहा है। कैंप नम्बर एक में स्थित फेंदेलिंग कम्युनिटी हॉल में ही तीनों दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सूबे के सभी मंत्रियों, राज्य सभा सांसद, लोकसभा सांसद एवं सभी विधायकों की कक्षाएं लगेंगी। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी विद्यार्थी बनेंगे। इस कम्युनिटी हाल के पांच सौ मीटर के दायरे में संगठन के टॉप नेताओं के अलावा किसी को भी आने की अनुमति नहीं होगी। सभी मंत्री, सांसदों एवं विधायकों को उनके होटलों से बसों के माध्यम से प्रशिक्षण शिविर हॉल में लाया जाएगा और फिर बसें वापस चली जाएंगी। इसके बाद किसी को भी उक्त स्थल की ओर आने जाने की अनुमति नहीं होगी।

**संगठन-प्रशासन ने झोंकी ताकत** : अब जब शिविर के आयोजन में मात्र दो दिन ही शेष रह गए हैं तो पूरे संगठन एवं प्रशासन ने अपनी ताकत झोंक दी है। लगातार हो रही बारिश ने चिंता और चुनौती बढ़ा तो दी है इसके बावजूद कोई कमी ना रह जाए इसलिए रायपुर एवं भोपाल की बड़ी इवेंट कम्पनियों को मैदान पर उतारा गया है। इसमें से भोपाल की इवेंट कम्पनी ने मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में भाजपा के शिविर को सफल बनाया था। इसलिए उसके अनुभवी होने पर संगठन व प्रशासन ने पूरे भरोसे के साथ उसे बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है।

### चीन-पाकिस्तान से...

और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल की खरीद को भी मंजूरी दी गई। मंत्रालय ने कहा, इन खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित खतरों को कम करने में मदद मिलेगी।

इस फैसले के 3 सबसे बड़े मतलब

**दुश्मनों को सीधा संदेश** : यह फैसला चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अब अपनी रक्षा के लिए किसी पर निर्भर नहीं है। हमारी अपनी इंडस्ट्री अब दुनिया के सबसे आधुनिक हथियार बनाने में सक्षम है।

**अर्थव्यवस्था को बूस्ट** : 1.05 लाख करोड़ का यह निवेश भारतीय रक्षा उद्योग में लाखों नौकरियां पैदा करेगा, नई तकनीक को बढ़ावा देगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

**प्राइवेट सेक्टर के लिए सुनहरा मौका** : इस फैसले से एलएंडटी, टाटा एडवांस सिस्टम, कल्याणी ग्रुप, अदाणी डिफेंस जैसी भारतीय प्राइवेट कंपनियों के लिए अवसरों का महासागर खुल गया है। यह ऐतिहासिक फैसला सिर्फ हथियारों की खरीद नहीं, बल्कि भारत के एक रक्षा आयातक से एक रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में एक मील का पत्थर है।

### शराब के नशे में...

डीईओ ने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर अंतर्गत पशुपतिपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का इन दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कक्षा के अंदर मोबाइल फोन पर गाना बज रहा है और बच्चों के साथ स्कूल के प्रधान पाठक लक्ष्मीनारायण सिंह शराब के नशे में धुत होकर डांस करते हुए नजर आ रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। शिक्षक ही अपनी मर्यादा को लांघ कर स्कूल में नशे में पहुंच रहे है और बच्चों के साथ डांस कर रहे है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भी खासी नाराजगी है। इधर इस मामले में स्कूल के बच्चों का कहना है कि शिक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह अक्सर शराब के नशे में ही स्कूल आते है और बिना मतलब आक्रोशित होकर बच्चों के साथ मारपीट करते है। कई बार उन्होंने बच्चों को बुरी तरह से मारा जिससे बच्चे भी डरे रहते है।

इधर वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे और जांच रिपोर्ट पेश होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से प्रधान पाठक लक्ष्मी नारायण सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बलरामपुर बीईओ कार्यालय निहित किया गया है।

**विधायक ने जताई नाराजगी** : शिक्षक का इस तरह शराब पीकर स्कूल आना और बच्चों के साथ शराब के नशे में धुत होकर डांस करने का वीडियो वायरल होने के मामले पर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ऐसा कृत्य कर रहे है तो यह गलत है। उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कवासी के करीबियों से...

मकान, जमीन खरीदी की। इसी पैसे से उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए भी कीमती उपहार खरीदे थे। ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम कवासी लखमा के खिलाफ कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें बताया गया है कि उनके छह बेहद करिबियों के ठिकानों पर छापे में करोड़ों रुपए के 44 प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी मिले हैं।

**रिश्तेदारों को 42 लाख की हवाई यात्रा** : शराब की काली कमाई से पूर्व आबकारी मंत्री द्वारा अपने परिचितों के साथ रिश्तेदारों को चुनावी वर्ष 2023 में जमकर हवाई यात्रा कराए जाने का चालान में उल्लेख किया गया है। बताया गया है कि कवासी लखमा ने वर्ष 2023 में अपने करीबियों के साथ रिश्तेदारों के लिए 42 लाख रुपए के एयर टिकट बुक कराकर हवाई यात्रा कराई। ट्रैवल्स एजेंट के माध्यम से ईओडब्लू को इस बात की जानकारी मिली।

**एनएसयूआई के नेता ने ठिकाने लगाए चार करोड़** : कवासी लखमा के खिलाफ कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में ईओडब्लू ने बताया है कि दंतेवाड़ा एनएसयूआई अध्यक्ष हलीम खान को पूर्व आबकारी मंत्री ने वर्ष 2020 में चार करोड़ रुपए नगद दिए थे। इस राशि में से 1.5 करोड़ हैदराबाद निवासी 'रेड्डी' नामक व्यक्ति को दिलवाया गया। इसके अलावा 73 लाख में रायपुर की सेल टैक्स कॉलोनी में 'शाहरूख खान' नाम से मकान खरीदा गया, 80 लाख के गहने भी खरीदे गए। हलीम ने 12 लाख नगद अपनी परिचित महिला नगीना लेखन को दिए तथा 76 लाख अपने पत्रकार मित्र के पास रखवाया था।

**एनएसयूआई नेता ने गर्ल फ्रैंड को दिए 12 लाख** : पूर्व आबकारी मंत्री ने एनएसयूआई पदाधिकारी के पास विधानसभा चुनाव के तीन वर्ष पूर्व रकम सुरक्षित रखने के लिए दिए थे। इसका बड़ा हिस्सा पदाधिकारी ने निवेश कर दिया और लाख रुपए अपनी गर्ल फ्रैंड को दे दिए। इसके साथ ही कवासी द्वारा उपलब्ध कराए गए पैसों से हलीम द्वारा पौने तीन लाख रुपए के आईफोन खरीदने का चालान में उल्लेख है। फोन को उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए बतौर गिफ्ट खरीदा था।

## यूक्रेन के हमले में रूस को बड़ा नुकसान

# मिसाइल अटैक में मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव सहित 10 अन्य सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶ कीव

रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत हो गई है। यूक्रेन की ओर से किए गए हमले में गुडकोव सहित 10 अन्य सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन सेना से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर मिखाइल गुडकोव के मारे जाने की पुष्टि की गई है। यूक्रेन की सीमा से लगे कुर्स्क क्षेत्र के कोरेनेवो में एक कमांड पोस्ट पर मिखाइल गुडकोव तैनात थे। आशंका जताई जा रही है कि मिसाइल हमले में सभी की मौत हुई है।

### पुतिन ने बनाया था नौसेना का डिप्टी-इन-चीफ



गुडकोव को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में बहादुरी के लिए पुरस्कार मिले थे और यूक्रेन ने उन पर युद्ध अपराधों का आरोप लगाया था। क्रेमलिन के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें मार्च में नौसेना का डिप्टी कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया था। रूसी रक्षा मंत्रालय या यूक्रेन की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। गुडकोव ने रूस के प्रशांत बेड़े की एक मरीन ब्रिगेड का नेतृत्व किया था, जो कुर्स्क में लड़ रही थी। अगस्त 2024 में यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था।

**रूस में शोक और सतर्कता** : गवर्नर कोझेम्याको ने अपने बयान में यह भी कहा कि उन्होंने मिखाइल गुडकोव से वर्षों तक करीबी संवाद बनाए रखा था, और उन्हें एक समर्पित देशभक्त और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। रूसी सैन्य प्रतिष्ठान में इस मौत को गंभीरता से लिया जा रहा है, और आंतरिक स्तर पर सुरक्षा उपायों को और कड़ा किया जा रहा है।

### यूक्रेन के पास हथियार की हो रही कमी

हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि अगर अमेरिका हथियार की आपूर्ति पर रोक लगाता है तो इसका फायदा रूस को ही होगा। जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन के पास हथियार की कमी होती जा रही है, लेकिन अभी भी यूक्रेन की सेना के पास रूस के लड़ने के लिए कई विकल्प हैं। जेलेंस्की ने कहा है कि रूस की सेना लगातार यूक्रेन की सीमा को ओर बढ़ रही है। रूसी सेना, यूक्रेन के उत्तरी क्षेत्र में 7 किलोमीटर दाखिल हो चुकी है। फिलहाल युद्ध की सबसे बड़ी लड़ाई डोनेट्स्क में लड़ी जा रही है।

# अंतरिक्ष में खाने से लेकर सोने तक की दी जानकारी

### शुभांशु ने आईएसएस से दिये छात्रों के सवालों के जवाब

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



एक्सिओम मिशन-4 के तहत अंतरिक्ष यात्रा पर गये लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों से अपने इस अविस्मरणीय सफर के अनुभव साझा किये। बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद अंतरिक्ष यात्री शुक्ला से बात करने के मौके का भरपूर फायदा उठाया। इस दुर्लभ बातचीत में बच्चों के अंदर यह जानने की खासी ललक दिखी कि अंतरिक्ष यात्री क्या खाते हैं? वे अंतरिक्ष में कैसे सोते हैं? अगर कोई बीमार पड़ जाए तो क्या होता है? शरीर अंतरिक्ष में कैसे ढलता है और पृथ्वी पर लौटने के बाद माहौल में फिर से ढलने में कितना समय लगेगा?

**यह पूछा छात्रों ने** : आईएसएस पर मौजूद शुक्ला ने यहां सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में एकत्र हुए छात्रों द्वारा पूछे गए इन सवालों के विस्तृत जवाब दिये। छात्रों ने अंतरिक्ष कार्यक्रम के लाभों के बारे में भी जानना चाहा। साथ ही यह भी जानने की ख्वाहिश जतायी कि अंतरिक्ष यात्रा का कौन सा हिस्सा सबसे ज्यादा मजेदार होता है। आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुक्ला ने 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम मिशन-4 के शुरू होने के अपने अनुभव को 'अद्भुत' बताया।

# पतंजलि को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ अपमानजनक विज्ञापन चलाने से रोक दिया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने डाबर की याचिका पर अंतरिम निषेधाज्ञा जारी की। याचिका में आरोप लगाया गया था कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' 'विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश' और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है।

पतंजलि के विज्ञापन में दावा किया गया है कि 'किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है'- जो सामान्य अपमान है। याचिका में दावा किया गया है, 'इसके अलावा, विज्ञापनों में (आयुर्वेदिक औषधि/दवा के संबंध में) गलत और भ्रामक बयान दिए गए हैं। इसमें डाबर च्यवनप्राश के साथ अपमानजनक तुलना की गई है।' डाबर की ओर से अधिवक्ता जवाहर लाला और मेघना कुमार उपस्थित हुए। याचिका में आगे दावा किया गया कि विज्ञापन में अन्य सभी च्यवनप्राश के संबंध में 'साधारण' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है, जो दर्शाता है कि वे 'निम्न' हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र.12/न.पा.नि./जोन क्रं.07/2025-26 दिनांक 03/07/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र.07 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 170561 | डा. अम्बेडकर मांगलिक भवन परिसर मोपका में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 50.00 | 25/07/2025 |
| 170563 | वार्ड क्र. 51 हरश्रृंगार राजकिशोर नगर में सामुदायिक भवन रिपेयरिंग, बाउण्ड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य। | 18.00 | 25/07/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 04/07/2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.07
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
### -: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-

कमांक / ज०प्र०वि०/2025-26/23 दुर्ग, दिनांक 02.07.2025

नगर पालिक निगम, दुर्ग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नॉन एस.ओ.आर. दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09.07.2025
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 16.07.2025
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 22.07.2025
निविदा खोलने की तिथि - 23.07.2025 शाम 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रुपये लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 4mm, 2.5mm, 3 Core Make Havells & 1HP, 5HP Pannel Board & Roll Pipe 1" क्रय करने बाबत। | रु. 6.62 लाख /- |
| 2. | D.I. Pipe 100 MM Dia क्रय करने बाबत। | रु. 2,69,500/- |
| 3. | 600MM Half Sprited Coller Supply Work. | रु. 3,15,000/- |

निविदा की सामान्य शर्तें घरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई- प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइड www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता


# पुरानी गाड़ियों पर सरकार का नया फैसला! अब सीज नहीं होंगी गाड़ियां

### बैकफुट पर दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 1 जुलाई से लागू हुए 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल' (ईएलवी) नियमों के तहत की जा रही वाहनों की जब्ती पर फिलहाल रोक लग सकती है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजधानी में लागू किए जा रहे ईएलवी नियम को लेकर सीक्यूएम (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) को औपचारिक पत्र लिखकर इसकी प्रमुख खामियों को उजागर किया है और फिर से समीक्षा करने की मांग की है। सरकार ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में इस नियम को लागू करना संभव नहीं है, क्योंकि इससे जनता को असुविधा हो रही थी और व्यवहारिक कठिनाइयां सामने आ रही थीं।

### नई व्यवस्था पर काम कर रही है दिल्ली सरकार

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हम 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल' को लेकर एक नई प्रणाली विकसित कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली का वायु प्रदूषण भी न बढ़े और साथ ही दिल्ली के नागरिकों की गाड़ियां भी जब्त न हों. गाड़ियों को केवल उम्र के आधार पर नहीं, बल्कि उनके प्रदूषण स्तर के आधार पर चलने या बंद करने का निर्णय लिया जाएगा।


## पूर्व तट रेलवे

निविदा सं. SANDT_WAT_25_S_PDT

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के पेन्दुर्ति (PDT) स्टेशन पर दोहरी VDU के साथ हॉट स्टैंडबाय का प्रावधान। (मौजूदा EI - हिटाची मेक)।

**विज्ञापित मूल्य (₹):** 1,13,83,417.00, EMD (₹): 2,06,900.00, पूरा होने की अवधि : 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 08.07.2025, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक- 22.07.2025 को 1500 बजे.

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर/ वाल्टियर
PR-318/Q/25-26

## माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता
### मोलासिस विक्रय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1010 दिनांक 03/07/2025

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित अम्बिकापुर ग्राम केरता जिला सूरजपुर (छ.ग.) में पेराई सत्र 2024-25 मोलासिस विक्रय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों/निविदाकारों द्वारा निविदा में भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर मोलासिस विक्रय ई-निविदा हेतु फार्म राशि 2311.00 रूपये (2000.00 रूपये एवं 311.00 रूपये चिप्स द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से निविदा फार्म डाऊनलोड़ कर भरकर अपलोड़ कर सकते है।

| क्रं | निविदा का विवरण | प्रस्तावित मात्रा अनुमानित (मी.टन में) | निविदा प्रपत्र विक्रय/ जमा तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मोलासिस विक्रय हेतु ई-निविदा, उत्पादन 2024-25 | 2500 MT | दिनांक 04/07/2025 को समय शाम 05.00 बजे से दिनांक 15/07/2025 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा | दिनांक 15/07/2025 को समय दोपहर 12:05 बजे के बाद |

उक्त ई-निविदा को कारखाना के प्रशासनिक कार्यालय ग्राम केरता में खोली जावेगी। ई-निविदाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र हेतु कारखाने के Website - www.mahamayasugar.com एवं ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखा जा सकता है। एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5917



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -5916 का हल



## सूडोकु नवताल - 5927

★★★★☆ कठिन





- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5926 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.4-6.7 फीसदी रहेगी, जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने बृहस्पतिवार को यह संभावना जताई। सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है। मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे।

■ परिसंघ ने जीएसटी के त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की

# शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 170 अंक और टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक टूट गया। बाजार में कारोबार के दौरान तेजी थी लेकिन अंतिम घंटे में वित्तीय कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से यह गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.4 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,405.30 अंक पर बंद हुआ।



## बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ...।'' उन्होंने कहा कि क्षेत्रावार देखा जाए तो रुख मिला-जुला रहा। वाहन और औषधि क्षेत्र के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि धातु और रियल्टी सबसे ज्यादा नुकसान में रहे।

## व्यापार समझौते पर निवेशकों की निगाह बनी हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि शुल्क छूट को लेकर 90 दिन की अवधि समाप्त होने वाली है। ऐसे में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते से जुड़े घटनाक्रमों पर निवेशकों की निगाह बनी हुई है। अधिक मूल्यांकन के कारण हाल के दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सतर्क हो गए हैं।

# सोना 450 रुपए चढ़ा और चांदी 1,000 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये बढ़कर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 9.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी बृहस्पतिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, ''डॉलर इंडेक्स के 3.5 साल के नए निचले स्तर पर आने तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के दो महीने के निचले स्तर पर आने के बाद सोने और चांदी में तेजी जारी रही।''

■ स्टॉकिस्ट की खरीदारी से सोना 99,620 रुपए प्रति 10 ग्राम

## टाटा पावर रिन्यूएबल्स की सौर परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून तिमाही में रिकॉर्ड 752 मेगावाट सौर परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके बाद कंपनी की कुल उपयोगिता-पैमाने की परिचालन क्षमता 5.6 गीगावाट हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा पावर की अनुषंगी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान अवधि में कुल 354 मेगावाट सौर क्षमता शुरू की थी।

## गोदरेज इंडस्ट्रीज रसायन कारोबार का करेगी विस्तार

**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने रसायन कारोबार की क्षमता का विस्तार करने और उच्च वार्षिक राजस्व हासिल करने के लिए अगले कुछ वर्षों में 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी।
गोदरेज इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका रसायन व्यवसाय 2030 से पहले एक अरब डॉलर का वैश्विक व्यवसाय बनने की अपनी विकास योजना के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण क्षमता विस्तार करेगा।

## इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज की बाजार में सपाट शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड के शेयर ने बृहस्पतिवार को 111 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर सूचीबद्धता के साथ बाजार में सपाट शुरुआत की। बीएसई और एनएसई, दोनों पर कंपनी का शेयर 111 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, यह बीएसई पर 1.44 प्रतिशत चढ़कर 112.60 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में, शेयर सपाट शुरुआत के बाद 1.35 प्रतिशत बढ़कर 112.50 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 707.48 करोड़ रुपये रहा।

## सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, "सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बना : जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन गया है और यह ग्रामीण समृद्धि और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है। मंत्री 'सहकारी चीनी उद्योग सम्मेलन 2025' और 'राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह' को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये (वार्षिक) का उद्योग बन गया है।

# भारत पर अमेरिकी शुल्क अन्य से कम रहने की उम्मीद : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। मूडीज ने कहा कि व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।

---

**SUPRINTENDENT PHYSICAL PLANT, INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR**
Phone No. 0771-2442203, Email- igkvspp@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDER**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: https://igau.edu.in

Construction of Agriculture College, Boys & Girls Hostel Building at various places mention in the E-Tender No. 170361,170367,170388,170395,170397 Sealed tenders are invited in Form A, B, C online from contractor registered in Chhattisgarh PWD as per schedule of rates for Roads/ Buildings/ Bridges works effective from 01.01.2015 and for electrical works effective from 01.06.2020 and amended up to date of issue of NIT. The tender details along with list of necessary documents will be available on the https://eproc.cgstate.gov.in and www.igkv.ac.in websites. The last date of submission of online bid is 11-07-2025 The Physical document's should be submitted only through Registered/Speed post so as to reach in the office of the Superintendent Physical Plant, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Labhandi, Raipur (C.G.) Pin 492012, latest by date 15-07-2025 pm.

**Note:-** Issue of work order will be subjected to the allotment of land.

S-44431/1 — **Superintendent Physical Plant, IGKV Raipur (CG)**

---

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Comapny of C.S.E.B) CIN: U40108CT2003SGC015822)
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (PROJECT), C.S.P.D.C.L. RAIPUR**
Email ID-ce.project@cspc.co.in; GST Reg. No. 22AADCC6047K1ZR

No/02-08/RDSS/Tender/1639 — Raipur Date 20.06.2025

**NOTICE FOR E-TENDER**

Notice Inviting Tender (NIT) is floating for the Execution for Development of Distribution Infrastructure **works in Rajnandgaon Districts** under Revamped Reforms-based and Results-linked, Distribution Sector Scheme (RDSS) in Chhattisgarh state. The Details are as follows:-

| Tender Specification No./RFx No. | Package No/District | Name of Work | Value of NIT excluding GST (In Crs) | Value of NIT including GST (In Crs) |
|---|---|---|---|---|
| T S No. 1639 Rfx No.- 8100044320 | Pkg-01 / Rajnandgaon | Development of Distribution Infrastructure works in Rajnandgaon Districts of Chhattisgarh State under the Revamped Reforms-based and Results-linked, Distribution Sector Scheme. | 38.28 | 45.17 |

•BoQ have been uploaded on the CSPDCL website for ready reference.
Note : 1. The tender fees is Rs. 25000/- only for participation.2. The last date of bid submission is 10.07.2025 on or before 2:00 PM.3. Any corrigendum/ addendum/amendment including extension of due date of opening – if any, shall not be published in newspaper. However it will be displayed on CSPDCL website only.4. Price bid shall be submitted through e-bidding only, on or before last date and time of bid submission.

For details, please visit our website: www.cspdcl.co.in – tender – tender notices – issued by O/o Chief Engineer (Project) CSPDCL and for bidding www.cspdcl.co.in – e-bidding. Contact for any quarries Mob No. 7415417211 & 9425548864,Email : rdsscspdcl2@gmail.com

SAVE ELECTRICITY — **Chief Engineer (Project) CSPDCL, Raipur**

---

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**( प्रथम आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 27.06.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 17.07.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 107 / दुर्ग (दुर्ग)/2025 | उपसंभाग क्रं. 03 दुर्ग के अंतर्गत कुम्हारी अहिवारा पथरिया मार्ग (एस.एच.- 21 ) के कि.मी. 1/2 से 27/6 कुल लंबाई 26.60 कि.मी. में बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य | 49.93 |
| 108/ दुर्ग (बेमे.)/2025 | ग्राम हसदा, तहसील भिभौरी जिला बेमेतरा में सर्व समाज हेतु सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य | 24.16 |
| 109/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग क्रं. बालोद के अंतर्गत शासकीय एन.सी. जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में 02 नग अतिरिक्त कमरों का निर्माण कार्य | 44.64 |
| 110 / दुर्ग (राज.) / 2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, ए.आर., एम.ओ. डब्ल्यू. का कार्य | 80.00 |
| 111/दुर्ग(राज.)/ 2025 | चिकित्सा महाविद्यालय भवन राजनांदगांव में मरम्मत कार्य | 199.03 |
| 112 / दुर्ग (राज.) / 2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, ए.आर., एम.ओ. डब्ल्यू. का कार्य | 80.00 |
| 113/दुर्ग (खैरागढ)/2025 | नवीन जिला खैरागढ - छुईखदान -गंडई, वि.ख. खैरागढ में उच्चतर माध्यमिक शाला भवन चंदैनी का निर्माण कार्य | 119.58 |

**टीप-** 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
**दूरभाष 0788-2210876**
G-252601970/4

---

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, वि. / यां. भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

आदेश क्र. 1668 / व.ले. लि — रायपुर, दिनांक 01/07/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 2 / व. ले.लि. रायपुर 2025-26 दिनांक 16/05/2025 सिस्टम नं. 168532 ( प्रथम आमंत्रण) में कोई भी निविदाकार द्वारा भाग नही लिये जाने के कारण उपरोक्त निविदा को निरस्त किया जाता है। जिसका जी नम्बर 252600968 / 6 है।

**कार्यपालन अभियंता, वि. / यां. भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)**
G-252601957/6

---

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**-:: निविदा स्थगन आदेश::-**

कांकेर, दिनांक 01.07.2025

इस कार्यालय के निविदा सिस्टम क्रमांक 170587 निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/व. ले.लि./2025-26, कांकेर दिनांक 24.06.2025 द्वारा आमंत्रित कांकेर जिले के विकासखंड चारामा के अंतर्गत ग्राम अरौद में गोंड़धोवा पुल से सेठ तालाब तक नाला में दांयी तट में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) को अपरिहार्य कारणों से स्थगित ( Suspend ) किया जाता है।
उक्त विज्ञापन का जी क्रमांक - 252601789 दिनांक 27.06.2025 है।

**कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कांकेर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**
G-252601955/2

---

**कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद (छ.ग.)**
**जिला न्यायालय परिसर, बालोद (छ.ग.)**
फोन नं.- 07749-299056 — ई-मेल : dlsa.balod@gmail.com

**// विज्ञापन //**

क्रमांक - 465 / जि.वि.से.प्रा./ 2025 — बालोद, दिनांक 02.07.2025

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 21/07/2025 की संध्या 5.00 बजे तक (केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से)**

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद जिला बालोद छ.ग. के अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम बालोद के स्थापना हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 151 / जि.वि.से. प्रा. / 2025 बालोद, दिनांक 05.03.2025 में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल (संविदा) पद की भर्ती नालसा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित योजना, 2022 के नियम के अक्षरशः पालन नहीं होने से निरस्त किया जाता है तथा पुनः नालसा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम, संशोधित स्कीम 2022 में जारी दिशा निर्देश एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर का पत्र क्रमांक 7490/ एल. ए. डी.सी.एस.- 23 / 2024 दिनांक 11.11.2024 में दिये निर्देशानुसार उक्त पद हेतु निर्धारित मानदेय पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

संविदा नियुक्ति हेतु रिक्त पद का विवरण

| स.क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| 01. | डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल | 01 (अनारक्षित मुक्त वर्ग) |

**टीपः-** विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन / आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारियां कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालोद के ऑफिशियल वेबसाईट balod.dcourts.gov.in में उपलब्ध है, जहाँ से विज्ञापन में दिये आवेदन पत्र के प्रारूप का उपयोग डाउनलोड कर किया जा सकता है।

**सही /- अध्यक्ष, भर्ती एवं चयन समिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद (छ.ग.)**
G-252601954/3

---

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी रायपुर वनमण्डल, रायपुर (छ.ग.)**
Phone No :- 0771-2427640, Fax- 2427640 E-Mail ID - dfo_raipur@rediffmail.com

निविदा क्रमांक / 2084 — दिनांक 17/06/2025

**//संक्षिप्त निविदा सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन विभाग मुख्यालय, मुख्य वन संरक्षक कार्यालय एवं रायपुर वनमण्डल कार्यालय के अंतर्गत निम्नानुसार शासकीय अनुपयोगी वाहनों के लिए नीचे दर्शित स्थल में जहां है, जैसी है कि स्थिति में विक्रय के लिए सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | वाहन का नाम | वाहन क्रमांक | मॉडल वर्ष | अमानत राशि | स्थल का नाम जहां वाहन खड़ी है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mahindra Genio | CG02F-0296 | 2012 | 15000.00 | मुख्य वन संरक्षक कार्यालय बरोण्डा |
| 2 | Corola | CG02F-5544 | 2011 | 15000.00 | वन मुख्यालय अरण्य भवन, अटल नगर नवा रायपुर |
| 3 | Etios | CG02-6764 | 2016 | 15000.00 | वन मुख्यालय अरण्य भवन, अटल नगर नवा रायपुर |
| 4 | Indigo | CG02-4560 | 2011 | 15000.00 | बरोण्डा डिपो |
| 5 | Indigo | CG02D-5050 | 2014 | 15000.00 | बरोण्डा डिपो |

इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण हेतु दिनांक 25.07.2025 को 12:00 बजे तक निविदा फार्म रूपये 500/- (पाँच सौ रूपये) डी.डी./बैंकर्स चेक डी.एफ.ओ. रायपुर के नाम जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। सीलबंद निविदा 25.07.2025 को 2:00 बजे तक जमा की जाकर उसी दिन 4:00 बजे खोली जावेगी। किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में प्रथम बार में निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि 05.08.2025 एवं तृतीय तिथि 14.08.2025 को पूर्वानुसार 04:00 बजे निर्धारित की जाती है।

**वनमंडलाधिकारी, रायपुर वनमण्डल, रायपुर**
G- 252601951/2

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**
Email Id- rwdsimdega@ gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

पत्रांक– — सिमडेगा / दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष (4515) अन्तर्गत ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 10/R1/2025-26/RWD/SIMDEGA दिनांक **26-06-2024,** आईडेन्टीफिकेशन संख्या RWD/SIMDEGA/10/01/2023-24 जिसका **PR 356128 (Simdega) 2025-26*D** है। विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी थी, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. NIT में कार्य समाप्ति की तिथि 9 महिना के स्थान पर 18 महिना पढ़ा जाय।
2. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (a) में 60% के स्थान पर 50% पढ़ा जाय।
3. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (b) में 50% के स्थान पर 1/3rd पढ़ा जाय।

शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0 /– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 356478 Simdega (25-26)_D

---

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878 • e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**Project Name**: Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand.
**NIT No.**: JUIDCO/NIT/GIS Survey & Mapping/656
**PR No.**: 353778
**Tender ID**: 2025_UDD_101576_1
This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 4**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per Corrigendum - 1 | As per Corrigendum - 4 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date/Time for submission of online bids | 04.07.2025 17:00 Hrs. | 11.07.2025 17:00 Hrs. |
| 2. | | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Online) | 04.07.2025 17:00 Hrs. | 11.07.2025 17:00 Hrs. |
| 3. | | Date & Time of Online Bid Opening | 05.07.2025 17:30 Hrs. | 12.07.2025 17:00 Hrs. |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

Sd/- Project Director (Technical) JUIDCO Ltd.

PR 356456 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

---

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग**
**कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ जलाऊ/ बांस का **e-Auction** द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि **e-Auction** में भाग लेवें। **e-Auction** की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 08.07.2025 प्रातः 09:00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई. काष्ठ (घ.मी) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी) | बल्ली/ डेंगरी (नग में) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| सागौन | 0 | 0 | 0 | 22.048 | 323 | 153 | 22.048 | 323 | 153 |
| साल | 1251.681 | 262 | 110 | 7369.094 | 326 | 1299 | 8620.775 | 588 | 1409 |
| बीजा | 12.213 | 0 | 2 | 132.729 | 60 | 53 | 144.942 | 60 | 55 |
| साजा | 19.480 | 13 | 3 | 34.492 | 35 | 12 | 53.972 | 48 | 15 |
| हल्दू | 14.022 | 0 | 1 | 90.338 | 16 | 10 | 104.360 | 16 | 11 |
| निलगिरी | 0 | 0 | 0 | 4.452 | 616 | 1522 | 4.452 | 616 | 1522 |
| अन्य | 35.079 | 5 | 5 | 148.901 | 81 | 99 | 183.980 | 86 | 104 |
| **योग :-** | **1332.475** | **280** | **121** | **7802.054** | **1457** | **3148** | **9134.529** | **1737** | **3269** |
| जलाऊ | Fuel Stack 8 + Nilgiri 8 + Mixed 280 = 296 Fuel Stacks | | | 0 | | | Fuel Stack 8 + Nilgiri 8 + Mixed 280 = 296 Fuel Stacks | | |
| **व्या. बांस** | **0** | **0** | | **9.980 N.T.** | | | **9.980 N.T.** | | |

**शर्तें:-** 1. प्रत्येक क्रेता को **e-Auction** के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेता **e-Auction** के पूर्व क्रय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं। 4. **e-Auction** में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

**वनमंडलाधिकारी, कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव**
G-252601967/3

---

**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
**E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/02/2025-26**

| क्रम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | CONSTRUCTION OF PRIMARY HEALTH CENTRE, KETAN ,AT -SADAR BLOCK GUMLA | 1,40,94,242.00 | 2,81,900.00 | 10,000 | 09 माह |
| 2 | CONSTRUCTION OF PRIMARY HEALTH CENTRE, JAIRAGI ,AT -DUMRI BLOCK | 1,40,94,242.00 | 2,81,900.00 | 10,000 | 09 माह |
| 3 | CONSTRUCTION OF PRIMARY HEALTH CENTRE, KURGI ,AT -SISAI BLOCK | 1,40,94,242.00 | 2,81,900.00 | 10,000 | 09 माह |
| 4 | CONSTRUCTION OF PRIMARY HEALTH CENTRE, FORI ,AT -SADAR BLOCK GUMLA | 1,40,94,242.00 | 2,81,900.00 | 10,000 | 09 माह |
| 5 | CONSTRUCTION OF PRIMARY HEALTH CENTRE, JORI ,AT -BISHUNPUR BLOCK | 1,40,94,242.00 | 2,81,900.00 | 10,000 | 09 माह |
| 6 | CONSTRUCTION AND BEAUTIFICATION OF TANGI NATH DHAM , AT -DUMRI BLOCK | 2,09,75,632.00 | 4,19,600.00 | 10,000 | 06 माह |

**नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होंगे।**
1. अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट http://Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.07.2025
3. ई निविदा डालने प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **10.07.2025 से 16.07.2025 तक अप0 3:00 बजे तक।**
4. निविदा खोलने की तिथि :– **17.07.2025 को अप0 3:00 बजे।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला ई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–**9308663369**
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
7. **Form of Bid** एवं **Bill of Quantity** में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
8. निविदा **Double Bid** पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में **जिला परिषद, गुमला में निबंधित समुचित श्रेणी** के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।

PR.NO.356402 Rural Development(25-26):D

# महिला क्रिकेट टी20 : जीत की हैट्रिक लगाकर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| लंदन

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर।

यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## उपकप्तान स्मृति मंधाना शानदार फार्म में

उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं। अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी।



## गेंदबाजी में चमकी श्री चरणी

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है।

## शानदार नतीजों के लिए दौरे से पहले ट्रेनिंग सत्र रहा कारगार : दीप्ति शर्मा

**लंदन।** आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ, जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई। अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने कहा,



'बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली।' उन्होंने कहा, 'हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया। साथ ही अभ्यास मैच से भी परिस्थितियों के अभ्यस्त होने में मदद मिली। युवा खिलाड़ियों को इसका फायदा मिला।' दीप्ति ने कहा, 'बीसीसीआई का शुक्रिया जिन्होंने इस शिविर का इंतजाम किया। हमने मूव होती गेंद के खिलाफ हवादार परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास किया।'

## खबर संक्षेप



### अंपायरों के फैसले भारत के पक्ष में जाने से वोक्स निराश

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया।

### क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है, जो लंबे समय तक लंबे प्रारुप में खेलने से आती है।पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

## पहली पारी में भारत के 587 रन, 77 रन पर गिरे इंग्लैंड के 3 विकेट

# शुभमन ने जड़ा दोहरा शतक, खेली सबसे बड़ी कप्तानी पारी, बॉलरों पर ढाया कहर


एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से पहली पारी में 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन करके भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा।

गिल ने 387 गेंद में 30 चौकों और तीन छक्कों से 269 रन की पारी खेलने के अलावा रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 और वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी कल 87 रन की पारी खेली थी। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई कप्तान भी बने।

### भारतीय गेंदबाज पड़े भारी

इंग्लैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली (19) और बेन डकेट (00) तथा ओली पोप (00) के विकेट गंवाकर 77 रन बनाए। डकेट और पोप दोनों को आकाश दीप (36 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा।




**टेस्ट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तान**

| | |
|---|---|
| शुभमन गिल | 269 रन |
| विराट कोहली | 254* रन |
| विराट कोहली | 243 रन |
| विराट कोहली | 235 रन |
| एमएस धोनी | 224 रन |

### गिल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एजबेस्टन, बर्मिंघम में दूसरे दिन भारतीय कप्तान गिल ने 387 गेंदों पर 3 छक्के और 30 चौकों की मदद से 269 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान वो बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए और विराट कोहली का 6 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट कोहली ने बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट में साल 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन की पारी खेली थी। इसके बाद वो टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तान बन गए थे, लेकिन अब गिल उनसे आगे निकल चुके हैं।

### सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

शुभमन गिल ने अपनी इस पारी के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भी भारत की तरफ से सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम पर दर्ज था, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 221 रन बनाए थे। गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ ये कमाल 1989 में किया था

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 | 107 | 13 | 0 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 | 26 | 0 | 0 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 | 50 | 5 | 0 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 | 387 | 30 | 3 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 | 63 | 1 | 1 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 | 06 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 | 208 | 10 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 | 117 | 3 | 1 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 | 22 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 | 26 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 | 23 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 22 योग : 151 ओवर में 587/10 रन

**गेंदबाजी :** वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0


| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली का नायर बो सिराज | 19 | 30 | 3 | 0 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 | 05 | 0 | 0 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जो रूट नाबाद | 18 | 37 | 0 | 1 |
| हैरी ब्रूक नाबाद | 30 | 53 | 4 | 1 |

अतिरिक्त: 10, कुल : 20 ओवर में 77/3 रन

गेंदबाजी: आकाश दीप 7-1-36-2, सिराज 7-2-21-1, प्रसिद्ध 3-0-11-0, नितीश 1-0-1-0, जडेजा 2-1-4-0

## विंबलडन

# अल्काराज का विजय अभियान जारी शीर्ष खिलाड़ियों में सबालेंका आगे बढ़ी



एजेंसी ▶▶| लंदन

दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा, जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज़ ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफ़ायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।

### सबालेंका ने बुजकोवा को हराया



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

### जोकोविच ने जीत के साथ बनाया एक और रिकॉर्ड

*लंदन। नोवाक जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई, जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं, जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, 'उन्नीस बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।'*

हॉकी एशिया कप : 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में

# 'खेल' से टूटेगा पाक पर लगा प्रतिबंध!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत सहित 8 टीमें भाग लेंगी। वहीं



जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। सूत्र ने कहा, 'हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है।

## डीपीएल के लिए दिल्ली 6 की तरफ से खेलेंगे पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले साल शुरूआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइजी ने कहा, 'पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।' पंत के हवाले से विज्ञप्ति में कहा गया, 'डीपीएल से देश में कई खिलाड़ी निकले हैं जैसे दिग्वेश राठी और प्रियांश आर्य। पुरानी दिल्ली 6 को पिछले साल के शानदार सत्र के बाद इस साल और भी मजबूत होकर लौटने की उम्मीद है।'






# लोनाटो विश्व कप में हिस्सा लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आ ई ए स ए स ए फ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा।





बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, 'टीम पूरी तरह से तैयार है और कड़ा प्रशिक्षण ले रही है। एथेंस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले यह आखिरी विश्व कप चरण होगा और यह महत्वपूर्ण है कि चीजें सही समय पर सही दिशा में आगे बढ़ें।' प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।







# दुनिया की सबसे अनोखी मछली, गिरगिट की तरह बदलती है रंग, कोबरा से भी ज्यादा जहरीली




नई दिल्ली। आमतौर पर जब भी हम जहरीले जीवों की बात करते हैं, तो सबसे पहले सांप और बिच्छू का ही नाम दिमाग में आता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसी जहरीली मछली भी पाई जाती है, जिसका पूरा शरीर ही विषैला होता है? इसका नाम स्कॉर्पियन फिश है। इस दुर्लभ मछली की खोज भारत के वैज्ञानिकों ने 2020 में मन्नार की खाड़ी में की थी। मन्नार की खाड़ी एक उथले पानी की खाड़ी है जो हिन्द महासागर में लक्षद्वीप सागर के एक भाग का हिस्सा है। केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने सेतु कराई तट पर इस मछली को पाया था। पहली बार इस प्रजाति की मछली भारतीय जल में जीवित पाई गई थी।

### रंग बदलती है मछली

स्कॉर्पियन फिश कई अनोखी विशेषताओं वाली मछली है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह गिरगिट की तरह अपना रंग बदल सकती है। यह आसपास के वातावरण के मुताबिक, अपना रंग बदलकर खुद को छिपा लेती है। रंग बदलने की वजह से शिकारियों से बचने के साथ शिकार को पकड़ने में आसानी होती है। इसकी वजह से इसे पहचान पाना बहुत मुश्किल होता है।

### ऐसे महसूस करती है आसपास की वस्तुएं



स्कॉर्पियन फिश एक अत्यंत कुशल शिकारी है, जो शिकार के लिए एक खास तरीके का इस्तेमाल करती है, जिसे पार्श्व संवेदी प्रणाली कहा जाता हैं। यह प्रणाली एक तरह का अंतर्निहित रडार है जो मछली को पानी में होने वाली छोटी-छोटी हलचलों और कंपनों को महसूस करने में मदद करती है। इस तरह, यह मछली आसपास तैर रहे अन्य जीवों को देखे बिना ही ढूंढ सकती है और उन पर हमला कर सकती है। यह खासियत स्कॉर्पियन फिश को शिकार करने के साथ खतरों से बचने में भी काफी मदद करती है।

### कहां पाई जाती है यह मछली

स्कॉर्पियन फिश स्कार्पेनिडे परिवार से संबंधित है, जिसमें कई जहरीली मछलियां शामिल हैं। यह मछली आमतौर पर इंडो-वेस्ट पैसिफिक क्षेत्र में पाई जाती है। स्कॉर्पियन फिश एक बेहद खतरनाक मछली है। यह समुद्र के तल पर लेटकर अपना रंग बदल लेती है और शिकार को अपने पास आने का इंतजार करती है।

### बेहद खतरनाक है यह मछली

स्कॉर्पियन फिश को इसका नाम इसके जहरीले कांटों की वजह से मिला है। इन कांटों में न्यूरोटॉक्सिन नामक एक जहरीला पदार्थ होता है। न्यूरोटॉक्सिन नर्वस सिस्टम(तंत्रिका तंत्र) के लिए बेहद खतरनाक होता है। यह उसी तरह का जहर है जो किंग कोबरा और समुद्री सांपों में पाया जाता है। यही कारण है कि इस मछली को खाने से भी जान जाने का खतरा रहता है।

नासा की 50 साल की रिसर्च में खुलासा

# स्पेस में अंतरिक्ष यात्रियों को झेलने पड़ते हैं 5 बड़े खतरे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा पिछले 50 सालों से अंतरिक्ष में जाने वाले यात्रियों के शरीर पर अध्ययन कर रहा है। यह रिसर्च एजेंसी के मानव अनुसंधान कार्यक्रम का हिस्सा है जिसका मकसद सुरक्षित अंतरिक्ष यान, स्मार्ट स्पेससूट बेहतर मेडिकल सुविधाओं को बनाना है। नासा यह जानना चाहती है कि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने से एस्ट्रोनॉट्स पर क्या असर पड़ता है? क्रिस्टीना कोच और स्कॉट केली ने अंतरिक्ष में लगभग 1 साल का समय बिताया है। इससे वैज्ञानिकों के लंबे अंतरिक्ष मिशन में होने वाले मानसिक और शारीरिक प्रभावों पर जानकारी मिली है।

### अंतरिक्ष में अनोखी चुनौतियां



धरती से दूर होने की वजह से अंतरिक्ष यात्रियों को अनोखी दिक्कतें आती हैं। आईएसएस पर कुछ घंटों में मदद मिलना संभव है, लेकिन मंगल ग्रह पर महीनों का समय लग जाएगा। इसका सीधा मतलब ये होता है कि अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन कंट्रोल से तुरंत बिना मदद मिले ही प्रॉब्लम को सॉल्व करना होगा। इसके लिए नासा एडवांस्ड मेडिकल सिस्टम और एआई की मदद से फैसला लेने वाले डिवाइस को टेस्ट कर रहा है।

### नासा ने की इन खतरों की पहचान



नासा ने अंतरिक्ष में इंसानों की सेहत से जुड़े 5 बड़े खतरों की पहचान की है जिसे नासा ने आरआईएसकेएस (रिस्कस) का नाम दिया है। धरती के बाहर रेडिएशन का खतरा सबसे बड़ा चिंता का विषय है। लंबे समय तक सूरज के कण और गैलेक्टिक कॉस्मिक किरणों में रहने से कैंसर या दिल की बीमारी जैसे खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसे कम करने के लिए नासा अंतरिक्ष यान पर बेहतर रेडिएशन डिटेक्टर और शिल्डिंग मैटेरियल का इस्तेमाल करता है।

### तनाव और अकेलेपन से निपटना

लंबे मिशन पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती रहती है अकेलेपन और एक छोटी सी जगह में बंद रहने वाली चुनौती से निपटना। इससे निपटने के लिए नासा एलईडी लाइटिंग, स्लीप मॉनिटर और वर्चुअल रिएलिटी जैसी चीजों का इस्तेमाल करता है। साथ ही स्पेस गार्डन, जरूरी काम और कसरत भी मिशन के दौरान टीम को खुश रखने में मदद करती है।

### जीरो ग्रैविटी में होने वाली समस्याएं

मंगल मिशन पर जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स के लिए गुरुत्वाकर्षण का ना होना बड़ी चुनौती हो सकती है। उन्हें ग्रैविटी के 3 बदलावों से होकर गुजरना पड़ता है, जिसमें अंतरिक्ष में जीरो ग्रैविटी, मंगल पर धरती के गुरुत्वाकर्षण का एक-तिहाई और धरती पर सामान्य गुरुत्वाकर्षण. बार-बार होने वाले इस बदलाव से एस्ट्रोनॉट्स के देखने की क्षमता और शरीर से सिस्टम पर भी असर पड़ता है।



### आसानी से फैलते हैं माइक्रोब्स

आपको बता दें कि अंतरिक्ष यान के अंदर का बंद माहौल सेहत पर असर डाल सकता है क्योंकि वहां सूक्ष्मजीव आसानी से फैल सकते हैं। इसके लिए नासा खतरनाक गैसों की जांच करता है और उनपर नजर रखता है। एस्ट्रोनॉट्स अपनी सेहत से जुड़े खतरों का पता लगाने के लिए सतह, पानी और अपने शरीर से नियमित तौर पर सैंपल लेते हैं। हालांकि, खून और लार के टेस्ट से पता चला है कि अंतरिक्ष यात्रियों को आमतौर पर स्पेस में बीमारियां नहीं होती, लेकिन इम्यून सिस्टम में आने वाले बदलाव चिंता का विषय बने हुए हैं।

# सुलझ गया किंग कोबरा का 188 साल पुराना रहस्य



**लंदन।** सांपों में सबसे खतरनाक और बेहद ही जहरीला माना जाता है किंग कोबरा को, यह हमेशा से ही वैज्ञानिकों के लिए बहुत जिज्ञासा का विषय रहा है। हाल ही में वैज्ञानिकों द्वारा इसका 188 साल पुराना रहस्य सुलझा लिया है। किंग कोबरा एक नहीं, बल्कि 4 अलग-अलग प्रजातियों में बंटा हुआ है। किंग कोबरा के बारे में अब तक हुई सभी स्टडी हुए सभी में ये कहा जाता था कि इस सांप की एक ही प्रजाति होती है। इसका वैज्ञानिक नाम किंग कोबरा (नागराज) है। पिछले 188 सालों में वैज्ञानिकों को किंग कोबरा के रंग-रूप और शारीरिक बनावट में काफी चीजें अलग दिखीं, जिसके बाद इसकी एक ही प्रजाति के होने पर सवाल उठे थे।

**4 प्रजातियों में है बंटा**

### नई स्टडी में क्या निकला?

2021 में किंग कोबरा पर एक डीएनए स्टडी की गई थी। तब पहली बार इस बात के संकेत मिले थे कि इसकी 4 प्रजातियां हो सकती हैं। इसी रिसर्च को आगे बढ़ाते हुए वैज्ञानिकों ने 153 संग्रहालय नमूनों का अध्ययन किया. रंग, दांत, शरीर की चौड़ाई की तुलना करने के बाद अलग-अलग प्रजातियों की पहचान हुई। जिसमें नॉर्दर्न किंग कोबरा, सुंडा किंग कोबरा, वेस्टर्न घाट्स किंग कोबरा, लूजोन किंग कोबरा।

### सबसे जहरीले सांप

इन सभी प्रजातियों की एक बात बहुत कॉमन है कि ये सारे के सारे बेहद जहरीले हैं। किंग कोबरा का एक बार में छोड़ा गया जहर किसी भी इंसान की 15 मिनट के अंदर जान ले सकता है। इस शोध से उनके जहर के आधार पर नए और बेहतर एंटी-वेनम बनाने में मदद मिलेगी जो आगे काम आएगी।

## रोचक खबरें

### 80 साल की दादी ने 10 हजार फुट की ऊंचाई से लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** जब मां का जन्मदिन आता है तो ज्यादातर लोग उन्हें उनकी पसंद की चीज़ें जैसे साड़ी, ज्वेलरी या किचन का सामान गिफ्ट करने के बारे में सोचते हैं। मगर एक रिटायर्ड आर्मी अफसर ने अपनी मां का 80वां जन्मदिन इतने अनोखे तरीके से मनाया कि जिसने भी देखा, हैरान रह गया। उन्होंने अपनी मां को 10 हजार फीट की ऊंचाई से स्काईडाइविंग कराकर जन्मदिन का तोहफा दिया। हर कोई दादी की खूब तारीफ कर रहे हैं। यह कहानी है डॉ. श्रद्धा चौहान की, जिन्होंने 80 साल की उम्र में स्काईडाइविंग कर भारत की सबसे उम्रदराज महिला स्काईडाइवर का रिकॉर्ड अपने नाम किया। अपने जन्मदिन पर उन्होंने 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई और नया मुकाम हासिल किया। खास बात यह है कि डॉ. चौहान को सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस और स्पाइनल डिस्क जैसी गंभीर समस्याएं थीं, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने सपने को पूरा कर दिखाया। यह स्काईडाइव हरियाणा के नारनौल एयरस्ट्रिप पर हुआ, जो दिल्ली से करीब दो घंटे दूर स्थित है। यही देश का एकमात्र सर्टिफाइड सिविल ड्रॉप जोन भी है।



### स्कूल के पहले दिन पापा ने बेटी को बैंड-बाजे के साथ पहुंचाया

**नई दिल्ली।** हर बच्चे की जिंदगी में स्कूल का पहला दिन बहुत खास होता है, क्योंकि इसी दिन से उसके जीवन में नए अनुभव और सीख की शुरुआत होती है। अक्सर देखा जाता है कि स्कूल के शुरुआती दिनों में बच्चे जाने से मना करते हैं, रोते हैं और माता-पिता को उन्हें मनाकर स्कूल छोड़ना पड़ता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक पिता अपनी बेटी को उसके स्कूल के पहले दिन अनोखे अंदाज में छोड़ने जाता दिख रहा है। वीडियो में साफ नजर आता है कि पिता ने अपनी बच्ची को उसकी फेवरेट साइकिल पर बिठाया और उसके साथ बैंड-बाजा लेकर स्कूल तक पहुंचे। स्कूल के गेट पर पहुंचते ही बैंड-बाजे की धुन बजने लगी और माहौल बेहद खास हो गया।



नासा का इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट के बारे में चौंकाने वाला खुलासा

# सौरमंडल में घुसा रहस्यमय धूमकेतु दुनिया में सिर्फ तीसरी बार हुआ ऐसा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

खगोलविदों ने हमारे सौर मंडल में एक घुसपैठिए इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट की पहचान की है। यह अब तक देखी गई तीसरी इंटरस्टेलर चीज है। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि इस तरह के और भी पिंड हो सकते हैं, जिन्हें अब तक खोजा न गया हो। इस दुर्लभ इंटरस्टेलर कॉमेट (धूमकेतु) को खगोलविदों ने ए11पीआई3जेड नाम दिया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ए11पीआई3जेड के असामान्य प्रक्षेप पथ और इसकी स्पीड से इसके इंटरस्टेलर मूल के होने का पता चलता है।

### नासा ने बताया, कहां है ऑब्जेक्ट



नासा की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में पिंड ए11पीआई3जेड बृहस्पति की कक्षा के अंदर है और अक्टूबर में सूर्य के सबसे करीब पहुंचने की उम्मीद है, जो हमारे तारे से लगभग 1.35 खगोलीय इकाइयों (लगभग 20 करोड़ किलोमीटर) के भीतर आ जाएगा। यह इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट धरती के लिए कोई खतरा नहीं पैदा करेगा और मंगल के अपेक्षाकृत करीब से गुजरेगा।

### नासा ने सबसे पहले ऑब्जेक्ट को देखा

इंटरस्टेलर उन पिंडों को कहा जाता है जो बाहर से आकर सौरमंडल से होकर गुजरते हैं और किसी तारे के गुरुत्वीय प्रभाव में नहीं रहते। यह दुर्लभ खगोलीय घटना होती है। इस पिंड को सबसे पहले नासा के एस्टेरॉयड टेरेसट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम ने देखा था। इसके बाद से ही दुनियाभर के पेशेवर और शौकिया खगोलविदों ने इस पर नजर बनानी शुरू कर दी। ईएसए दूरबीनों के वैश्विक नेटवर्क का इस्तेमाल करके इस पर बारीकी से नजर रख रही है। ए11पीआई3जेड की कक्षा साफ रूप से हाइपरबोलिक है, जिसकी विलक्षणता 6 से 11.6 के बीच अनुमानित है। यह उस सीमा से बहुत ऊपर है, जो सौर मंडल की वस्तुओं को दूसरी जगहों पर पैदा होने वाले पिंडों से अलग करती है। यह चरम पथ बताता है कि ए11पीआई3जेड सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से बंधा नहीं है और इंटरस्टेलर में लौटने से पहले केवल उससे होकर गुजर रहा है।

### ग्राहकों से पैसे वसूलने का गजब तरीका वेट्रेस बोलती है झूठ, फंस जाते हैं लोग

**न्यूयार्क।** पैसे कमाने के दो ही तरीके हैं, एक ईमानदारी से और दूसरा गलत तरीकों से। हालांकि, कई बार किसी व्यक्ति को जो तरीका सही लगता है, वो दूसरों की नजर में गलत होता है। ऐसा ही एक अमेरिका की लड़की के साथ भी है जो एक वेट्रेस है और अपने ग्राहकों से पैसे कमाने के लिए ऐसा तरीका चुनती है कि लोग उसके झूठ में फंस जाते हैं और पैसे दे देते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के सैन डिएगो शहर में रहने वाली 25 वर्षीय वेट्रेस ऐसलिन पार्कर इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। कारण ये है कि उन्होंने कस्टमर से मिलने वाली टिप को बढ़ाने के लिए एक ऐसा जुगाड़ अपनाया है, जिसे कई लोग अनैतिक और भावनात्मक रूप से धोखेबाजी कह रहे हैं। ऐसलिन ने टिकटॉक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसे अब तक 22 लाख से ज़्यादा बार देखा जा चुका है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com